गुलोगुलचीं का गेला बुलबुले खुश लेहजा न कर। तू गिरफ्तार हुई अपनी सदा के बाइस।।

मुजरिम अदालत में

मौलाना
सिराजुल क़ादरी
बहराइची

(तहज़ीरुन्नास) (फतावा रशीदिया) (हिफ्ज़ुल ईमान) (बराहीने कातेआ)

ग़ाज़ी किताब घर
गंगवल बाज़ार बहराइच (युपी)

786/92

गुल व गुलचीं का गिला बुल बुले खुश लहजा न कर
तू गिरिफ्तार हुई अपनी सदा के बाइस

अैर तुम पर मेरे आका की इनायत न सही
नजदियो कलेमा पढ़ाने का भी एहसान गया

मुजरिम अदालत में

मौलाना सिराजुल क़ादरी बहराइची
ख़तीब व इमाम मुसाफ़िर ख़ाना मस्जिद
पाक मोडया स्ट्रीट33, बोहरी मुहल्ला, मुंबई 3
मोब० 9870742302

नाशिर
ग़ाज़ी किताब घर साबरी यतीम ख़ाना
जामेआ सरकार आला हज़रत
गंगवल बाज़ार, बहराइच शरीफ़ (यू.पी) भारत

नाम किताबः मुजरिम अदालत में

मुसन्निफ़ः हज़रत मौलाना सिराजुल क़ादरी बहराइची

तसहीहः हज़रत अल्लामा मुफ़्ती मोहम्मद अशरफ़ रज़ा साहिब क़िबला नूरी मुफ़्ती ए महाराष्ट्र

सन्ने इशअतः 2008

तादादः 1000

हदयहः पचास रुपये Rs.60/=

मिलने के पते

न्यु सिल्वर बुक एजैन्सीः मो0 अली रोड मुंबई 3

नाज़ बुक डिपोः——————→मो0 अली रोड मुंबई 3

इक़रा बुक डिपोः——————→ मो0 अली रोड मुंबई 3

मकतबा इसमाईल हबीब मस्जिदः→ मुंबई 3

मकतबा जामे नूरःदेहली

मकतबा नईमयाः देहली

रज़ा बुक डिपोःदेहली

फ़ारुक़या बुक डिपोः देहली

जसीम बुक डिपोः देहली

रज़वी किताब घरः देहली

ताज बुक डिपोः नागपुर

ताज बुक हाउसः हैदराबाद

हनीफ़ बुक डिपोः नागपुर

लतीफ़िया बुक डिपोः नागपुर

जावेद बुक डिपोः कोलकाता

रहीमया बुक डिपोः पूना

नय्यर बुक सेलरः इलाहाबाद

नाज़ बुक डिपोः कोलकाता

फ़ेहरिस्त

फ़ेहरिस्त

किताब और साहिबे किताब के बारे में

अज़: नब्बाज़े फितरत खतीबे एहले सून्नत हज़रत अ़ल्लामा मूफ़्ती मोहम्मद सूलतान रज़ा साहिब क़िबला बहराइची

الله رب محمد صل علیه و سلم　　　نحن عباد محمد صل علیه و سلم

हिन्दुस्तान का सूबा उत्तर प्रदेशं इल्म व फज़्ल का गहवारा रहा है इल्मेदीन जिस क़दर इस सूबे से परवान चढ़ा है किसी कि नज़रों से पोशीदा नहीं है–इल्म व फज़्ल कि एक से एक मा ए नाज़ हस्तियाँ यहाँ पैदा हुयीं.जिन्होंने अपने इल्म व फज़्ल का खिराजे तहसीन पूरी दुनिया से वसूल किया इसी उत्तरी भारत में एक तारीख़ी बसती ज़िला बहराइच शरीफ है जहाँ फातहे आज़मे हिन्द हुजूर सय्यद सालार मसऊद ग़ाज़ी शहीद अलैहिर्रहमा का मज़ारे मुक़द्दस आज भी मरजए खलाइक़ व मम्ब ए फुयूज़ व बरॉकात व सरचश्मए करामत है.जिनकी देहलीज़ से मादर ज़ाद अन्धों को आँखें कोढ़ियों को काया. महरूमुल किस्मत बाँझों कि गोद भरती है ये साहिबे मज़ार की वोह करामात हैं जिनको सिर्फ किताबों में पढ़ा ही नहीं जा सकता बल्कि हरसाल उनके मेले के दिन माथे कि नंगी आँखों से देखा भी जा सकता है इसी महबते अनवारे ऐज़दी व काशिफे असरारे सरमदी सय्येदिना सालार मसऊद ग़ाज़ी क़ुद्दसा सिर्रो हूल क़वी के दयारे पाक में और इसी ज़िले में एक बस्ती गंगवल बाज़ार के नाम से मौसूम है ये बस्ती छोटी मगर बहुत खूब सूरत है फाज़िले गिरामी वक़ार हज़रत मौलाना सिराज अहमद मोहम्मद सिराजुल क़ादरी साहिब इसी बस्ती में बतारीख़ 1जुलाई 1968 ई0 में पैदा हुए इब्तेदाई तालीम अपने घर के क़रीब एक मकतब में मोल्वी अब्दुल शकूर व मोल्वी मन्सूर अली से हासिल की बिरादरे कबीर जनाब यार मोहम्मद साहिब ने 8 साल कि उम्र में मदरसा उस्मानिया नियाज़ुल उलूम बड़ का गाँव में दाखिल कर दिया,जहाँ से 1978ई0 में हिफ्ज़े क़ुरआन की तकमील की,बादहू यतीम खाना सफ़ वियया करनैल गंज गोंडा में 1980ई0 तक चश्मए इल्म से सैराब होते रहे,फिर हुसूले इल्म के ज़ौक़े सलीम और वालिदैन की तमन्ना ने 1981 ई0 में जामिआ

अरबिय्या अनवारुल कुरआन बलराम पुर ,गोंडा पहुँचा दिया ।
मौलाना ने बड़ी दिलजमई व दिल लगी से तालीम हासिल कि और 1988ई0में नियाबते रसूल की सनद हासिल की और उस वक्त से लेकर अब तक खिदमते दीन में मसरूफ हैं। मौलाना का हुल्या कुछ इस तरह है। गोल चेहरा,चौड़ी पेशानी,बड़ी और सियाह आँखें तीखी नाक, मुतबस्सिम होंट भारी मगर मुतरन्निम आवाज़,सर पर मखमली टोपी,आँखों पर चशमा,कली दार कुर्ता शलवार,गुदाज़ जिस्म ,मुतवस्सित क़द। ये हैं मौलाना मोहम्मद सिराजुल क़ादरी मद्दा ज़िल्लुहूल आली

5/मुहर्रमुल हराम1423हिजरी की वोह तारीख़ जब सिलसिला ए बक़ाइया के एक मर्दे क़लन्दर सूफी सेठ मक़बूल अहमद साहिब बक़ाई मुरीदे खास पीर रोशन ज़मीर वली ए कामिल हज़रत सूफी मो0 शरीफ साहिब बक़ाई मद्दाज़िल्लुहुल आली ने क़ाज़ी पुरा मुंबई में मौलाना मोहतरम से तअर्रुफ कराया।जिस वक़्त राक़िमुल हुरूफ मोहतरम से शरफे लिक़ा हासिल कर रहा था उस वक़्त उन के हाथ में एक किताब का मुसव्विदा था मेरी तरफ बढ़ाते हुए मौलाना ने फरमाया ज़रा इस को आप देखें मैंने किताब लेते हुए देखा सरे वर्क़ पर किताब का नाम जली क़लम से रक़म था मुजरिम अदालत में मैंने कहा वाह मौलाना आप ने नाम तो बहुत उम्दा तजवीज़ किया है ताहम ये तो बताइये कि कौन कौन से मुजरिमों को आप ने अदालत में पेश किया है आया वोह मुजरिम चोर हैं या डाकू राह ज़न कज़्ज़ाक हैं या बद अमल वो बद किरदार वो बद अखलाक़ इन्सान और फिर किसकी अदालत में पेश किया है मौलाना ने जवाबन कहा नहीं नहीं मज़कूरा बाला फेहरिस्त में से कोई मुजरिम नहीं तो मैने गुज़ारिश की कि फिर कौन हैं वोह मुजरिम जवाब देते हुए फरमाया वोह ऐसे मुजरिम हैं जो रुकू वो सजदा करने वाले क़याम वो क़ुऊद में रहने वाले तिलावते कुरआन वो तसबीह पढ़ने वाले छोटी टोपी लम्बा कुर्ता ऊँचा पाजामा ज़ेब तन करने वाले सर्दी वो गर्मी की परवाह किये बगैर जमाअत लेकर बिलाद वो क़रयात कोह वो जबल दश्त वो

सेहरा में बादया पैमाई करने वाले लोग हैं मैंने कहा मौलाना आप लोग भी फसाद की बात करते हो! जो इतनी खूबियों का मुतहम्मिल हो भला बताओ कि वह मुजरिम क्यों कर होगा. फिर हम देखते हैं उन बेचारों को कि फरिशता सिफत बनकर तबलीग़ कि खातिर घर बार छोड़कर,बीवी बच्चों को खैरबाद कहकर कारोबार छोड़ कर 40,40 दिन, 90,90 दिन तक दुनिया से बेज़ार हो कर दूर दराज़ का सफर करते हैं बोलो वह मुजरिम कैसे? फिर ये कि कलेमा व कलाम में, रोज़ह व नमाज़ में हज व ज़कात, वहदानियत व रिसालत में वह आप के मसावी हैं! कुरआन व हदीस,फिकह व कलाम में वही किताबें जो आापके यहाँ हैं वही वह भी पढ़ते हैं,हैअत ,सूरत व शक्ल लिबासे इसलामी में वह आपके शरीक, फिर वह मुजरिम कैसे और उनका जुर्म कैसा ?मस्जिद के गोशे में रात की तारीकी या दिन के उजाले में उन्हों ने कौन सा जुर्म किया है जिसकी बिना पर आप ने उस अल्लाह वाली जमाअत को मुजरिम करार दिया है? मैने कहा डाकटर इक़बाल ने सच कहा है!

मन फेअत एक है इस क़ौम की नुक़सान भी एक
एक ही सब का नबी दीन भी ईमान भी एक
हरमे पाक भी अल्लाह भी क़ुरआान भी एक
किया बड़ी बात थी होते जो मुसलमान भी एक

जब मेरी तीखी गुफतगू देखी तो मौलाना सिराजुल क़ादरी साहिब कुछ नरम पड़े मगर उनके हाथों में किताब का एक बंडल था जिसमें उस फरिशता सिफत जमाअत कि ढेरसारी किताबें थीं, राक़िमुल हुरूफ की तरफ बढ़ाते हुऐ फरमाया, ज़रा इस कलेमा गो तौहीद के मतवाले तवहहुब परस्त ज़ाहिदाने खुश्क के वह अक़ाइदे बातिला व अक़वाले कुफरिया मुलाहेज़ा फरमायें।
जो उनके बुज़ुर्गों की किताबों से ज़ाहिर हैं, जिस पर पूरी वहाबी बिरादरी का ईमान व अक़ीदा है मैंने कहा मौलाना आप ही पढ़कर सुनाइये मैं यह ढेर सारी किताबों में कब तक आँखें फोड़ता रहूँगा .फिर मौलाना क़ादरी साहिब ने किताबों के औराक़ पलटने शुरू किये और इबारतें इस तरह पढ़ना शुरू कीं।

(1) ये हिफजुल ईमान है इसके मुसन्निफ वहाबी जमाअत के बहुत बड़ेआलिम जनाब मौलाना अशरफ अली थान्वी साहिब हैं, इस मैं उन्हों नें हुजूरे अकरम सल्लललाहो अलैहे वसल्लम के इल्म को बच्चों, पागलों, जानवरों, दरिन्दों के बराबर मानाहै! (मआज़ल्लाहे रब्बिलआलामीन)

(2) ये तहजीरुन्नास है इसके मुसन्निफ़ खुद साख़ता बानी दारूल उलूम देवबंद मौलाना क़ासिम नानोतवी हैं इसमें उन्हों नें हुजूरे अकरम सल्ल्लाहो अलैहे वसल्लम को खातमुन्नबिय्यीन होने से इनकार कियाहै!

(3) ये अलजुहदुल मुकिल है इसके मुसन्निफ़ मौलाना महमूदुल हसन देवबंदी हैं! इसमें उन्हों ने अल्लाह तआला को झूटा लिखा है और यह लिखा कि जो गन्दे घिनों नें काम बन्दा कर सकता है वह खुदा भी कर सकता है!(मआज़ल्लाही रब्बिलआलामीन)

(4) ये तकवि यतुल ईमान है इसके मुसन्निफ मोलवी इसमाईल देहलवी नें लिखा है कि नबी हो या वली, अल्लाह की शान के आगे चमार से ज़्यादा ज़लील है!(मआज़ल्लाहे रब्बिलआलामीन)

(5) ये फतावा रशीदिया है जिसके मुसन्निफ मुफ़्ती मौलाना रशीद अहमद गंगोही हैं! इसमें उन्हों नें लिखा है कि काला कव्वा खाना सवाब है!

(6) ये रिसाला अल इमदाद है जिसके मुसन्निफ व मुरत्तिब मौलाना अशरफ अली थानवी हैं! जिसमें उन्हों नें

لا الہ الا اللہ اشرف علی رسول اللہ

सही और दुरुस्त बताया गोया अपना कलेमा पढ़वाया !

जिस वक़्त मौलाना इबाराते उलमा ए देवबंद सुना रहे थे,मैं बहरे हैरत व इसतेजाब में मुसतग़रक़ था ये इस्लामी लिबादे में इस्लामी जमाअत नहीं बल्कि शैतानी जमाअत है ये जमाअत खुदा परस्त नहीं बल्कि तवहहुब परस्त है जिसकी ज़बान व क़लम से बुज़ुर्गाने दीन अंबिया व मुरसलीन की अक़ीदत व मोहब्बत का खून हो रहा है हक़ तो ये है कि हक़ व सदाक़त और इन्साफ़ का खून हो रहा है तअज्जुब तो ये है कि इल्मे ग़ैबे नबी ,इख़तियाराते नबी, हयातुन्नबी , शफ़ाअते नबी के मज़बूत

व मन्सूस किले पर राकिट दाग़ने वाले कोई और नहीं बल्कि अपनी ही शक्ल व सूरत वाले लोग हैं–जियाब सियाब में शिकार कर रहे है और भोली उम्मत उनके केद व दज्ल से बे ख़बर है–सच फ़रमाया आला हज़रत मुजद्दिदे आज़मे दीन व मिल्लत अलैहिर रहमा ने

सूना जंगल रात अंधेरी छाई बदली काली है
सोने वालो जागते रहियो चोरों की रखवाली है
सोना पास है सूना बन है सोना ज़हेर है उठ प्यारे
तू कहता है मीठी नींद है तेरी मत ही निराली है
आँखें मलना झुंझुला पड़ना लाख जमाही अंगड़ाई
नाम पर उठने के लड़ता है उठना भी कोई गाली है

जब ये हालत मारे आस्तीन की देखी तो मैंने कहा कि यह जमाअत खुदा परस्त नहीं बल्कि तवहहुब परस्त है फिर ना चीज़ राके़मुल हुरूफ ने किताब का मुसव्विदा लिया .अपने साथ क़याम गाह पर लाया रातों रात तक़रीबन पूरी किताब देखी अपनी नौइय्यत की ये एक अनोखी और निराली किताब है जो हज़रत अल्लामा फाज़िले गिरामी वक़ार मौलाना सिराजुल क़ादरी साहिब बहराइची की अनथक मेहनतों व काविशों का नतीजा है मौसूफ ने अपनी पूरी सलाहिय्यतों को बरू ए कार लाकर एक अज़ीम सरमाया क़ौम व मिल्लत को अता किया है राके़मुल हुरूफ तो ये कहता है कि मुजरिम अदालत में ये किताब है या आसमाने क़हर व ग़ज़ब की बरके़ साइक़ा जो खिरमने वहाबियत को यक्सर भशम करती नज़र आयेगी जमाते वहाबिया के तख़रीबी अनासिर व ख़ौफ नाक साज़िश का दामे हमा रंग इस किताब की ज़रबे वाहिद ही से तारे अन्कबूत की तरह बिखर ता नज़र आऐगा –ये किताब बद अक़ीदगी व बद मज़हबी के तेज़ व तुंद तूफान में रोशनी का बुलंद मीनार साबित होगी जिसकी तजल्लियात तारीकियों का सीना चीर कर गुमराही के गरदाब व तलातुम में फंसे इन्सानों को हिदायत की शाहराह पर गामज़न कर देगी मुझे इस किताब पर लिखते हुए क़ल्बी मसर्रत व शाद मानी फरहत व इंबिसात हासिल हो रहा है जो अपने अंदाज़े बयान में दिल फरेब असलोब निगारिश में अनोखी और

शुकूक व शुबहात के रद में निहायत बेबाक जिसका दामन क़वी दलाइल से पुर है जिसमें वहाबियों देवबंदियों नजदियों की एक हौलनाक साजिश को बे नक़ाब किया गया है जिसके तार व पौद को इन्तिहाई महारत और अजीब सुबुक दस्ती से बुना गया था जिस पर कमाले महारत से नमाज़ रोज़े का नज़र फरेब और दिलकश मलम्मा किया गया था मेरी मुराद फिरक़ ए वहाबियत है जो मिल्लत को दीमक की तरह अन्दर से खोख्ला बना रही है और जिसने अपनी बद अक़ीदगी ,बदचलनी कजरवी व गुमराही से इस्लाम में फसाद बरपा कर दिया है राक़िमुल हुरूफ साज़िशे वहाबियत को वाशिगाफ़ करने पर फ़ाज़िले मुहक़्क़िक़ को क़ल्ब की गैहराईय्यों से मुबारक बाद पेश करता है मौसूफ की ये मुजाहिदाना कोशिश मुस्तहिक्क़े तहसीन है इस किताब में उन्हों नें वहाबियत जैसे मोहलिक मर्ज़ का कामयाब इलाज करने की निहायत सई ए जमील की है उनके इस काम पर रश्क करने वालों को रश्क करना चाहिये !

राक़िमुल हुरूफ की यही आरज़ू और यही दुआ है।

खुदा ऐसी कुव्वत दे इनके क़लम में
कि बदमज़हबों को सुधारा करें यह

وصلی اللہ تعالیٰ علیٰ حبیبہ الکریم علیہ افضل الصلوٰۃ واکمل التسلیم

मोहम्मद सुलतान रज़ा नूरी बहराइची
बानी– दारूल उलूम मुफति ए आज़मे हिंद
गजाधर पुर, बहराइच शरीफ़ यू. पी

तअस्सुर

फाज़िले माकूलात व मन्कूलात
हज़रत अल्लामा क़ारी सग़ीर अहमद साहिब किबला बहराइची

हर दौर में उठते हैं यजीदी फितने
हरदौर में शब्बीर जन्म लेते हैं।

आज के इस पुर आशोब दौर में जिस तरह कलेमा,नमाज़ वग़ैरह की आड़ में भोले भाले मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा है इस से बचना हर आदमी के बस की बात नहीं लिहाज़ा ऐसे लोगों की पहचान के लिए फाज़िले मुसन्निफ मुजाहिदे सुन्नियत अलम्बरदारे मसलके आला हज़रत मौलाना सिराजुल क़ादरी बहराइची ने क़लम उठाया तो उनकी बे बहा तसनीफ "मुजरिम अदालत में" सामने आगई जिस में फाज़िले मुसन्निफ़ नें एहक़ाके हक़ व इबताले बातिल का खूब मुज़ाहेरह किया है जिस को पढ़कर हर मुसलमान उन गुमराह गरों के अक़ाईदे बातिलह व अफ़कारे कासिदह व नज़रयाते फासिदह से भरपूर वाकि़फ हो सकता है यूँ तो इस सिलसिले में बहुत सी किताबें दूसरे मुसन्निफीन की मंजरे आम पर आईं हैं लेकिन ये किताब अपनी मिसाल आप है अज़ीं क़ब्ल फाज़िले मुसन्निफ की निहायत ही मारकतुलआरा तसनीफात में "इसलामी हीरे, बनाम सुन्नी कोइज़, गुस्ताख़ क़लम, अनवारे कुरआनी बर्क़े वेहदत, बर्क़े रज़वियत, पयामे रहमत दश्ते करबला, तोहफ़ ए रमज़ान, आदाबे ज़िन्दगी, मोजिज़ ए लुआबे दहन," वग़ैरह मंज़रे आम पर आकर लोगों से ख़िराजे तहसीन वसूल कर रही हैं इन तसनीफात से ही अंदाज़ा लग रहा है कि मौसूफ किस क़दर फुआल व मुतहर्रिक हैं और सुन्नियत का काम कर रहे हैं दुआ करता हूँ कि मौला तआला इस किताब को मक़बूले ख़ास वो आम फरमाए और मौसूफ को तवानाइ ए सिकन्दरी अता फरमाए और ज़ियादा से ज़ियादा खिदमते दीने मतीन की तौफीक़ अता फरमाए —आमीन

बिजाहे सय्यदुल मुरसलीन सलवातुल्लाहे तआला अलैहिम अजमईन

अहक़रूल इबाद
सग़ीर अहमद बहराइची
ख़ादिम जामिआ ग़ाज़िया फैज़ुल उलूम
बख़शी पुरा दरगाह रोड़ बहराइच शरीफ़ यू. पी

पेशे नविश्त

इस्लामी हीरे के तअल्लुक़ से कुछ मज़ामीन की तसहीह की ग़रज़ से ब हमराह अलम बरदारे मसलके आला हज़रत हज़रत अल्लामा नूर मोहम्मद साहिब क़िबला नूरी, अशरफुल फुक़हा हज़रत अल्लामा मुफ़ती अशरफ रज़ा साहिब क़िबला क़ादरी मुफ़्ति ए महाराष्ट्रा की बारगाह में हाज़री का शर्फ हासिल किया ढेर सारी दुआओं से नवाज़ने के बाद फर माया कि मौलाना आप नजदी व वहाबी भेड़ियों के सारे गुस्ताख़ाना मज़ामीन यक जा कर डालये और जलालत व नजदियत के सियाह ख़ाने में उन दरिन्दों को सर फोड़ने पर मजबूर कर दीजिये चूँकी मुफ़ती साहिब क़िबलह की वह ज़ात है जो ख़ुर्द नवाज़ी में अपनी मिसाल आप हैं हर चंद न चाहते हुए भी सर ख़मीदह होकर हुक्म के बमोजिब कमर बस्ता होकर तलाश व जुसतजू में लग गया।

" अनवारे कुरआनी" और "गुसताख़ क़लम की किताबत के सिलसिले में दफ़्तरे अफकारे रज़ा जाना हुवा अफकारे रज़ा के मुदीरे आला इज़्ज़त मआब मोहम्मद जुबेर क़ादरी जिन्होंने सेह माही अफकारे रज़ा के ज़रिये अक़ाईद व ईमान, इल्म व इरफान व आगही का एक जहाँ आबाद कर रखा है और हर सिम्त इमाम अहमद रज़ा के अफकार व नज़रयात की ठंडी ठंडी छाओं और रोशनी बेखेर ने और उस की शुआओं से जमाते ऐहले सुन्नत को मुसतफीज़ करने में सुबहो शाम मुसतगरक़ रहते हैं मैंने मुफ़्ती साहिब क़िबलह के हवाले से मशवेरतन अर्ज़ किया और परेशानियों से आगाह किया यक़ीन जानिये जुबेर भाई खुशयों से उछल पड़े और बर मला कहने लगे ये काम आप कर सकते हैं और मैं अपनी ख़िदमात पेश कर रहा हूँ उसी वक़्त नामूसे मसलके आला हज़रत हज़रत अल्लामा अब्दुल सत्तर हम्दानी साहिब क़िबलह के मुसव्वेदात और अपनी लाइबरेरी से चंद नायाब नुसख़े अता कर दिये जिस की वजह से काम आसान से आसान तर हो गया !

जब कि हक़ीक़त यही है कि मेरी हैसियते इल्मी दीनी मआमिलात

में गिरल तालिबे इल्म है, और मुतालअ व मालूमात बहुत ही महदूद है हुरूफ का जोड़ना , अलफाज के पैकर में ढालना, नोके कलम को संवार ना, खूबसूरती का जामा पहना कर उनके सही इस्तेमाल का शऊर इन सब में बिल्कुल ना बलद हूँ अपनी तलब व जुसतजु ज़ौक़ व शौक़ और बुजुर्गो की करम फरमाइयों ने जो मामूली सलीक़ा व मताए शऊर, बख़्शा है अहबाब के सता इ शी ख़ुतूत और उनके लुत्फ व इनायात ने ऐसी राह पर डाल दिया है जहाँ से जाए रफ्तन दुशवार हो गाया है बस इसी सबब से सरकारे ग़ौसे आज़म रज़ियलल्लाहो अन्हो के रूहानी फ़ुयूज़ व बराकात और इमामे इश्क़ व मोहब्बत के बातनी इनायात व करम का सहारा लेकर, बद दयानत वं दरीदह दहन मोल्वियों की जामा तलाशी के लिये कमर बस्ता हो गया मैंने अपनी इस किताब की तरतीब में नंगे वतन व नंगे असलाफ़ और नंगे इस्लाम के मुजरिमों को अक़्ल व शऊर और इश्के मुसतफा से सर शार गुलामाने मुस्तफा की अदालत में बरहना खड़ा करके मुन्सिफी का हक़ आपके हवाले कर दिया है अस्ल इबारतें उनकी किताबों से नक़्ल करके सफा नम्बर की निशान देही कर दी गई है !

देखना ये है कि इन इबारतों को पढ़नें के बाद किस राह का इनतेखाब होता है एक तरफ मोहब्बत के फूल बिखरे हैं तो दूसरी जानिब शाह राहे आम पर काँटे ही काँटे नज़र आ रहे हैं!एक तरफ अनीसे बेकसाँ चारह साज़े दर्द मन्दाँ से मोहब्बत असहाबे रसूल से मुहब्बत आले रसूल से मुहब्बत, उलामाए हक़ और मशाएखीने किराम से मुहब्बत का दर्स व पैग़ाम है और दूसरी जानिब गद्दाराने अंबिया व औलिया की ज़हेर अफशानियाँ हैं जहाँ हलाकत खेज़ तबाही उन जैसे अक़ाईद के लोगों की मुनतज़िर है फैसला आपके हाथ में है क्योंकि

इश्क से हो जाए मुमकिन है वगर न अक़्ल से
किया मक़ामे मुस्तफ़ा है फैसला दुशवार है

महबूबे रब्बुल आलमीन से हमारा तअल्लुक़ किसी फल्सफी, मुफक्किर,मुदब्बिर,उस्ताज़ व हाकिम व महकूम आम शाह व गदा,

आक़ा व गुलाम का नहीं है ये एक नबी और उम्मती का मुआमेला है सरकार सलल्ललाहो अलैहे वसल्लम से सुन्नी मुसलमानों के तअल्लुक़ की बुनयाद ही इश्क पर है और खुद इखतियारी है पैमान ए अक्ल व खिरद जाहिल व आलिम की बराबरी गवारा नहीं करता तो इश्क़ व मुहब्बत का पैमाना नबी और उम्मती की बराबरी कैसे क़ुबूल कर सकता है इसदौरे हवादिस में न जाने कितने उलमा, मुतअद्दिद गुरूप से रिश्ता रखने वाले, नमाज़ी भी हैं, हाजी भी हैं और खुद साख़्ता गाज़ी भी हैं. जो अपनी अक्ल व दानिस्त के मुताबिक़ तनक़ीद व तनक़ीसे अंबिया व गुस्ताखिए औलिया में खूब दलाइल व बराहीन पेश करते हैं जिनकी तज़ाद बयानी और ग़लत तावीलात से बिला शक व शुबा एक खिलक़त गुमराही के रास्ते पर चल पड़ी है सच और झूट में बातिल परस्त के दावेदारों के माबैन इमाम अहमद रज़ा फ़ाज़िले बरेल्वी ने अपने मानने वालों की जमाअत तैयार की है जिसके सरखेल उलमा अपनी जिम्मेदारी और फराइज़े मनसबी से बड़ी दयानत दारी और सदाक़त व रास्त बाज़ी से ओहदा बरआ होकर दीने हक़ और इस्लाम व सुन्नियत की खिदमात तुन दही के साथ अंनजाम दिये हैं और दे रहे हैं उनहीं बुजुर्गों के नक़शे क़दम को निशाने मंज़िल बना कर मुझ कम्तर व नाचीज़ ने हक़ाइक़ से परदा उठाने की भरपूर कोशिश की है ताकि अक़ाइद व आमाल की ग़लत तालीमात से अज़ाबे इलाही से क़रीब होने वालों को सिराते मुस्तक़ीम का पता बता कर बचाया जासके साहिबे क़लम और ऐहले इल्म व बसीरत की इसलाही तनक़ीद और नेक मशविरों की तवक़्क़ो रखते हुऐ तालिबे दुआ के साथ ही दुआ गोहूँ कि रब्बे क़दीर अज़्ज़ावजल अपने हबीब सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के सदक़े व तुफ़ैल में हर सुन्नी मुसलमान को बुजुर्गों की रविश और इस्लामी उसूलों पर चलने व अमल करने की तौफ़ीक़े रफ़ीक़ बख़्शे! (आमीन)

गदाऐ कूचऐ मसऊद गाज़ी

सिराजुल क़ादरी बहराइची

शरफे इन्तिसाब

उस पैकरे इश्क़ व मुहब्बत के नाम जिन्होंने अपने नोके क़लम की ज़र्ब से सियाह बख़्तों की लाशों के अंबार लगा दिये और जिनके तजदीदी कार नामों ने दुनिया ए इस्लाम के हसीन चहरे पर डाली जाने वाली दबीज़ चादर को तार तार करके इश्क़े रसूल की नूरानी ताबानियों से मुनव्वर कर दिया जिसकी ज़ियाबार किरनें सुबहे क़यामत तक पूरी दुनया को मुस्तफ़ीज़ करती रहेंगी जिनका मुबारक व मुक़द्दस नाम सुन्नी सहीहुल अक़ीदा हक़ परस्त हक़ गो तबक़े का संगे मील बन गया है इश्क़ व यक़ीन के उस ताक़त और अज़ीम सरमाय को रासिखुलअक़ीदा मुसलमान मुजद्दिदे दीन व मिल्लत सरकारे आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ फाज़िले बरेल्वी के नाम से जानते हैं और ऐहले ईमान अपनी अक़ीदतों का खिराज यूँ पेश करते हैं!

डालदी क़ल्ब में अज़मते मुस्तफ़ा
सय्यदी आला हज़रत पे लाखें सलाम

कफ़श बरदारे उलमा
सिराजुल क़ादरी बहराइची

नज़रान ए अक़ीदत

शहज़ाद ए आला हजरत जानशीने मुफति ए आज़म हिन्द ताजे शरीअत मुफ़्ती अख़तर रज़ा ख़ाँ कादरी बरकाती (हुजूर अजहरी मियाँ) साहिब क़िबला दामत बरकातुहुमुल कुदसिया की बारगाह में तमाम गुल बूटे निसार जिनकी ज़बाने फैज़े तरजुमान से निकली हुई दुआ मुस्तजाब का दरजा रखती है।

मुझ जैसे ना जाने कितने अफराद कास ए गदाई लिए हाज़िर होकर दुआओं की दरख़्वास्त करते हैं और करम की भीक पाकर सुरखुरू व निहाल हो ते हैं

अल्लाह जल्ला शानुहू अपने हबीब दोनो आलम के तबीब सल्ललला हो अलैहे वसल्लम के सदक़े व तुफैल में मेरे मुर्शिदे बरहक़ को सिहत व तन्दरुस्ती के साथ उम्रे ख़िज़्र अता फ़रमाए (आमीन)

मुहताजे करम
सिराजुल क़ादरी बहराइची

नज़रे अक़ीदत

वालिदैन करीमैन के हुजूर जिन्होंने ज़िन्दगी के हर मरहले पर मेरे शऊर की सही राह नुमाई की है 6 साल की उम्रे क़लील ही में मकतब में दाख़िल करके मेरे ज़हेनो फिक्र को कुरआन व सुन्नत में ढालने के लिए वक़्फकर दिया था अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त सरकारे दो आलम सल्ललल्लाहो अलैहे वसल्लम के सदक़े में उनकी तुरबत पर सुबहो शाम रहमत व नूर का सावन भादों बरसाए और जन्नतुल फिरदोस में जगहअता फरमाकर उनके दरजात बलंद फरमाए आमीन

दुआगो
सिराजुल क़ादरी बहराइची

इज़हारे हकीकत

रसूले गिरामी वकार सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि सबसे बड़ा जिहाद ज़ालिम व जाबिर हुक्मराँ के सामने कलेम ए हक़ बलंद करना है हमारे असलाफ़े किराम इस हदीसे पाक की अमली तफसीर बनकर हर दौर में उठने वाले फितनों को दबाने के लिऐ ज़ालिम व जाबिर सर बराहों और हुक्मरानों के सामने सीना सिपर होकर परचमे हक़ लहराते रहे चाहे वह फितन ए दीने इलाही हो या फितन ए इरतेदाद, नजदियत वहाबियत हो, खुवाह क़ादयानियत, लिसानी व क़ल्मी जिहाद के ज़रीये हर नौ इय्यत के फितनों का सर कुचल कर पाकीज़ा नज़रियात की तरवीज व इशाअत और मसलके हक़ की नुसरत व हिमायत और पासबानी करते रहे नित नये फितने और यावा गोई से इस्लाम के मान्ने वालों को आगाह करते हुए इस्लाह करते रहे, हमारे बुजुर्गों की मोमिनाना बसीरत और इसलाही कारनामों ने मुसलमानों को मज़हबी, सियासी और रूहानी सतेह पर गुनाँ गुं शऊर और इसतेह काम बख्शा है चौदहवीं सदी हिजरी में सहारन पुर से देहली तक चिटिंग बाज़ों ने फितना अंगेज़ी के लिए ऐसा ग़लीज़ माजूने मुरक्कब तैयार किया था जिसकी बू ही से मशामे ईमान परा गन्दा हो जाता है बे हया अफराद ने उफक़े इस्लाम पर ऐसी ज़र्बे कारी लगाई जिससे पूरा आलमे इस्लाम चीख़ उठा खानिक़ाहें गिरया कुनाँ हो गईं मदारिस व मसाजिद में सफे मातम बिछ गई, अंग्रेज़ी गवर्मेन्ट के पालतू कुत्ते तौहीने अंबिया व औलिया के अलावा ज़ाते बारी तआला की तनक़ीस से बाज़ ना रहे, जिससे हालात निहायत पेचीदा, नाजुक और हौसिला शिकन हो गए थे, ग़रीब सादा लौह मुसलमानों के मताए ईमान पर दिन दहाड़े डाका डाल रहे थे सरे आम मताए ईमान व इस्लाम को लूट रहे थे सरमाय ए हयात पर शबखून मार रहे थे बद अक़ीदगी और बदमजहबी की हुक्मरानी थी हुरमते इश्क़ के ख़िलाफ़ बेहंगम और ग़लीज़ ज़बानों का इस्तेमाल ऐहले हक़ के लिए सबसे बड़ी अज़ीयत थी मगर रब्बे क़दीर की बे पायाँ रहमतों से मायूस ना थे ऐहले ईमान रब तबारका व तआला की बखशिश व इनायात के

मुन्तजिर थे बिलआखिर मशीयते इलाही को जलाल आ ही गया ऐन नाजुक वक्त और संगीन हालात में वह मर्दे आहन इस्लाम का मर्दे जलील आया, जो इस्तेक़ामत का पैकर था आयातुम मिन आयातिल्लाह था महबूबे दावर के मोजिज़ों में से एक मोजिज़ा था जो इश्के रसूल से सरशार था नामूसे रिसालत का मुहाफ़िज़ व पासबान था मदीने वाले आक़ा सल्ललल्लाहो अलैहे वसल्लम का इन्तेख़ाब था गुसताख़ाने रसूल के लिए अशिद्दाउ अललकुफ्फ़ार की अमली तफ़सीर था और अपनों के लिए ,रुहामाउ बैनहुम ,का मज़हर व मुसकुराती हुई नर्म व नाजुक कलयों के मिस्ल जिसके इल्म व फ़न की धमक अरब व अजम में महसूस की गई जब क़लम उठाया लिखता चला गया बद मज़हबों की लाशें सर बुरीदह हो कर बिखरती चली गयीं हवादिसाते ज़माना से नबुर्द आज़मा होकर कलेम ए हक़ बलंद करता चला गया पलट कर ये भी ना देखा कि खार शिगाफ सैफे क़लम की ज़द में कौन कौन आ रहा है बस एक लगन थी एक धुन थी एक सच्चा इश्क़ था कि ज़माना रूठता है रूठ जाए मगर ना मूसे मुस्तफा पर हर्फ़ न आए यही वजह है कि इमाम अहमद रज़ा ख़ान बरेलवी के क़लमदाने इश्क़ की रोशनाई कभी खुश्क न हो सकी राहे इश्क़ की राहनुमाई इस तरह फरमाई कि जो भी उसकी देहलीज़ पर कास ए गदाई लेकर आया उसे मिमारे क़ौम और क़ाइदे मिल्लत बना दिया गौस व ख़्वाजा के नाम कि मिज़ाइलों और असलहों से सजाकर मैदाने कारज़ार का मुजाहिद और ग़ाज़ी बना दिया क़ुफले तग़ाफुल और जुमूदगी को तोड़कर हरकते मुसलसल की दाइमी कुव्वतों से आशना कर दिया जिससे मिल्लत की शीराजह बन्दी हो गई ग़र्ज़ कि इमाम अहमद रज़ा ने हर क़दम और हर मौक़े पर दुशमनाने इस्लाम का तअक्क़ुब करके अपनी खुदा दाद सलाहियतों की बुनियाद पर फितना गरों के दामे फ़रेब में फँसने ना दिया और क़ौम व मिल्लत को ज़लालत व गुमराही के क़ारे मज़ल्लत में गिरने से बचा लिया !

इमाम अहमद रज़ा खान का यही तुर्र ए इमतियाज़ वस्फ था जिसके मुतहर्रिक अफ़आला व अक़वाल से हज़ार हा इन्क़िलाब आए

जिस में ततहीर का सामान था आक़ ए करीम सल्लललाहो अलैहे वसल्लम से सच्ची मुहब्बत करने का शऊर था बद मज़हबों से अदावत और परहेज़ करने का पैग़ाम था गन्दुम नुमा जौ फरोश लोगों की नक़ाब कुशाई थी आक़ा ए निमत सरकारे आला हज़रत रज़ियल्लाहो अनहु जिस वक़्त बज़्में इश्क में अपनी तमाम तर जलवा सामानियों के साथ जलवा गर हुये!

मसलेहतों के क़लम की रोशनाई खुश्क हो गई न जाने कितने बे ढंगे गुसताखे रसूल ख़तीबों की ज़बानें गुंग हो के रह गईं और देवबंद व नदवह के आवारह मुतहर्रिक क़लमों ने इनजिमाद की सूरत इख़तियार करली सरकारे आला ह़ज़रत ने इश्क़ की आबरू लुटने से बचाली हक़ व बातिल के इम्तियाज़ में गैरते वफ़ा को कुर्बान व दाग़दार ना होने दिया किसी भी किस्म की मसलेहतों के लिए कोई भी राज़ी न कर सका जब भी किसी गुस्ताख़ ने नामूसे मुस्तफ़ा सल्लललाहो अलैहे वसललम को चेलेंज किया तो आपकी ग़ैरत को जलाल आ गया और लब व लहज़े में तलख़ी ही नहीं बल्कि तुग़यानी आ गई और बग़ैर किसी हील व हुज्जत के उस नाबकार के ख़िलाफ़ उठ खड़े हुए उन्हें इस हक़ीक़त पर मुकम्मल यक़ीन था कि जिस बद नसीब का रिश्ता सरवरे अंबिया से मुनक़ता हो जाए तो उसके लिए अरजो समा की वुसअतों में कहीं भी जाए पनाह नहीं आप फरमाते हैं।

बखुदा खुदा का यही है दर नहीं और कोई मफर मक़र
जो वहाँ से हो यहीं आके हो जो यहाँ नहीं तो वहाँ नहीं।

हमारे बुज़ुर्गों ने इहक़ाके हक़ और इबताले बातिल में पूरी पूरी ज़िन्दगी सर्फ़ करदी फ़क़त इसलिए कि ग़रीब मुसलमान हकाइक़ से आशना हो कर ईमानी लुटेरों से अपने ईमान व अक़ीदे को महफ़ूज़ रख सके हज़रत अल्लामा अबदुस्सत्तार हम्दानी दामत बरकातुहुमुल क़ुदसिया के मुसव्वेदात (जिसमें ग़लीज़ इबारतों की निशान देही की गई है।) जमा करके ज़रूरी तशरीहात के साथ किताबी सूरत में पेश करके मैंने कोई अहेम और बड़ा कारनामा

अन्जाम नहीं दिया है महेज़ अवाम व ख़वास के रू बरू देवबंदी मुल्लाओं के सियाह चेहरों को बे नक़ाब करने की अदना कोशिश की है मुझे उम्मीद है कि ऐहले ईमान और सुन्नी सहीहुल अक़ीदा मुसलमान "मुजरिम अदालत में" नामी किताब को जरूर पसंद फरमायेंगे मुनसिफ मिज़ाज दयानत दारी से मुताला करके जंग आलूद सियाह दिलों से अपनी बेज़ारी का ऐलान करेंगे दाद व दिहश,इन्आम व इकराम की ख़्वाहिश नहीं इसके सिले में रसूले गिरामी वक़ार सल्ललला‌हो अलैहे वसल्लम की रहमतों के चंद छींटे अता हो जाऐं बस इसी में ज़िन्दगी की मेराज समझता हूँ।

परवरदिगारे आलम की बारगाह में दुआ है के रसूले करीम सल्ललला‌हो अलैहे वसल्लम के सदक़े में सदाए हक़ से हम सबके कान आशना रहें (आमीन)

गुबारे राहे उलमा
सिराज अहमद सिराजुल क़ादरी बहराइची
4 / जमादियुल अव्वल 1424 हि0
मुताबिक़ 5 / जूलाई 2003 ई0

बुरा मान गऐ

अज़/ मौलाना मोहम्मद अहमद माहिरुल क़ादरी

फ़ातिहा हमने दिलाया तो बुरा मान गए
रब्बेसल्लिम जो पढ़ाया तो बुरा मान गए

फूल कुफ़्फ़ार की मरघट पे वो डालें तो दुरुस्त
हमने तुरबत पे चढ़ाया तो बुरा मान गए

ख़ुद जनम दिन वह मनाऐं तो कोई बात नहीं
हमने मीलाद मनाया तो बुरा मान गए

उम्र भर शौक से खाते रहे काला कव्वा
हमने मुर्गा जो खिलाया तो बुरा मान गए

उनको जाइज़ है दीवाली की कचौड़ी पूरी
हमने शर्बत जो पिलाया तो बुरा मान गए

रात दिन ख़ुद तो बग़ावत की पकाऐं खिचड़ी
हमने खिचड़ा जो पकाया तो बुरा मान गए

बज़्मे इबलीस में जलती हैं हज़ारों शमऐं
एक दिया हमने जलाया तो बुरा मान गए

ख़ुद चढ़ाई हुई चादर की बनाऐं पगड़ी
हमने क़ब्रों पे चढ़ाया तो बुरा मान गए

बज़्मे मीलाद में उठकर कभी माहिर हमने
उनकी ताज़ीमें मनाया तो बुरा मान गए

इल्मे गैब

और कोई गैब किया तुमसे निहाँ हो भला
जब न खुदा ही छुपा तुम पे करोड़ों दुरूद

मुंदर्जा ज़ेल इबारतों में इल्मे गैब की नफी की गई है।

(1) मोल्वी अशरफ अली थान्वी ने सरकारे दो आलम सल्ललाहो अलैहे वसल्लम के इल्मे गैब को बच्चों पागलों और जानवरों से तशबीह देते हुए लिखा है कि

"आपकी ज़ाते मुक़द्दसा पर इल्मे गैब से मुराद बाज़ गैब है या कुल अगर बाज़ उलूमे गैबिया मुराद हैं तो इसमें हुजूर सल्ललाहो अलैहे वसल्लम की ही क्या तखसीस है ऐसा इल्मे गैब तो ज़ैद व अमर बल्कि हर सिब्बी व मजनून बल्कि जमी हैवानात व बहाइम के लिए भी हासिल है (मआज़अल्लाह)

(हवाला: हिफजुल ईमान, दारुल किताब, देवबंद, स0,15)

मोल्वी खलील अहमद अंबेठवी

(2) सरकारे दो आलम सल्ललाहो अलैहे वसल्लम के इल्मे गैब को शैतान और मलकुल मौत के इल्मे गैब से कम बताते हुए आँ जनाब रक़म तराज़ हैं कि

"अल हासिल गौर करना चाहिये कि शैतान और मलकुल मौत का हाल देख कर इल्मे मुहीते ज़मीन का फखरे आलम को खिलाफे नुसूसे क़तइया के बिला दलील महेज़ क़यासे फ़ासेदा से साबित करना शिर्क नहीं तो कौनसा ईमान का हिस्सा है, शैतान व मलकुल मौत को ये वुसअत नस से साबित हुई फ़ख़रे आलम की वुसअते इल्म की कौन सी नस्से क़तई है जिससे तमाम नुसूस को रद कर के एक शिर्क साबित करता है (मआजअल्लाह)

(हवाला: बराहीने क़ातेआ, स0,55)

मोल्वी इसमाईल देहल्वी

(3) हजरत जी, अंबिया व औलिया के इल्मे ग़ैब का साफ़ इन्कार करते हुए लिख रहे हैं कि। जो कोई ये कहे की रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम या कोई इमाम या बुज़ुर्ग ग़ैब की बात जानते थे और शरीअत के अदब से मुँह से न कहते थे वह बड़ा झूटा है क्योंकि ग़ैब की बात अल्लाह के सिवा कोई नहीं जानता है"

(हवाला न0 1:तक़वियतुल ईमान, दारुस्सलफिया मुंबई, स0 48)
(हवाला न0 2:तक़वियतुल ईमान, कुतुबख़ाना मसऊदया देहली, स0 40)

(4) किसी नबी, वली या इमाम व शहीद की जनाब में हरगिज ये अक़ीदा न रखे कि वह ग़ैब की बात जानते थे बल्कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के बारे में भीये एतेक़ाद न रखे

(हवाला न0 1:तक़वियतुल ईमान, दारुस्सलफिया मुंबई, स0 47)
(हवाला न0 2:तक़वियतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदया देहली, स0 45)

(5) और इसी तरह कुछ इस बात में भी उनको बड़ाई नहीं कि अल्लाह ने ग़ैब दानी उनके इख़्तियार में दे दी हो कि जिसके दिल का हाल जब चाहें मालूम कर लें या जिस ग़ायब का हाल जब चाहें मालूम कर लें कि वह ज़िन्दा है या मर गया या किस शहेर में है या किस हाल में है (वगैरा) इन बातों में बंदे बड़े हों या छोटे सब यकसाँ बेखबर और नादान हैं ।

(हवाला न0 1:तक़वियतुल ईमान, दारुस्सलफिया मुंबई, स0 46)
(हवाला न0 2:तक़वियतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदया देहली, स0 44)

मोल्वी रशीद अहमद गंगोही

(6) मुल्लाजी ने लिखा है कि

"हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को इल्मे ग़ैब न था न कभी उसका दावा किया और कलामुल्लाह शरीफ़ और बहुत सी अहादीस में मौजूद है कि आप आलिमुल ग़ैब न थे और ये अक़ीदा रखना कि आप को इल्मे ग़ैब था सरीह शिर्क है।(मआज़अल्लाह)

(हवाला न0 1:फतावा रशीदया (मुबव्वब)1987 ई0 स0 103)
(हवाला न0 2:फतावा रशीदया (क़दीम)1363 हि0 ,स0 141)

(7) दूसरी जगह रक़्म फरमाते है कि "इल्मे ग़ैब ख़ास्स ए हक़

तआला है इस लफ्ज़ को किसी तावील से दूसरे पर इतलाक़ करना इबहामे शिर्क से खाली नहीं।
(हवालाः न0 1:फतावा रशीदया (कदीम)1363 हि0,जि0 1, स0 20)

(8) मोल्वी ख़लील अहमद अंबेठवी शाह अब्दुल हक़ मुहद्दिस देहलवी की तरफ एक ग़लत इबारत मनसूब करते हुए लिखते हैं कि।

"और शैख़ अब्दुल हक रिवायत करते हैं कि मुझको दीवार के पीछे का भी इल्म नहीं" (हवालाः न0 1:बराहीने क़ातेआ स0 55)

अकाबिर उलमा ए देवबंद का इल्मे ग़ैब

(1) मोल्वी क़ासिम नानोतवी लिखते हैं कि

"एक मरतबा मैंने गंगोह की ख़ान्क़ाह में रखे हुए बधने में कुंए से पानी भर कर पिया तो पानी कड़वा पाया मैंने रशीद अहमद गंगोही से कहा तो उन्होंने कहा कि कुंऐ का पानी तो मीठा है। लेकिन उन्होंने चखा तो पानी कड़वा था बाद नमाज़े ज़ोहर सब नमाज़ियों ने और खुद ने कलेमा तय्येबा पढ़ा फिर दुआ की फिर पानी पिया तो पानी मीठा था तब गंगोही ने कहा कि इस बधने की मिट्टी उस क़ब्र की है जिस पर अज़ाब हो रहा था अल हमदो लिल्लाह कलेमे की बरकत से अज़ाब रफा हो गया"।

(हवाला न01 तज़करेतुल रशीद जि0,2 स0 202)

(2) थान्वी ने ब हवाला मोल्वी अब्दुल्लाह रिवायत किया है कि

एक मोल्वी के इन्तेक़ाल की खबर आई उस पर मोल्वी रशीद अहमद गंगोही ने कहा कि "मोल्वी" का मुँह क़िबले से फिरा हुवा होगा जिसका जी चाहे कब्र खोलकर देख ले मैं देख रहा हूँ कि मुँह क़िबले से फिर गाया है।

(हवालाःहसनुल अज़ीज़ जि0,4 क़ि0,10 स0164)

(3) मोल्वी रशीद अहमद गंगोही के इल्मे ग़ैब पर दलालत करने वाला एक वाक़ेआ मोल्वी आशिक़ इलाही मेरठी ने लिखा है कि :

"मुन्शी निसार अली और गौहर खाँ मुलाज़िम पलटन 65 रुख्सत लेकर बइराद ए बैअत लखनऊ से गंगोह रवाना होने को तैयार हुए दरवाज़े पर सवारी तक आ खड़ी हुई इत्तिफाक़ से किसी हाकिम की आमद का तार आया और ऐन वक़्त पर उनको अफसर के हुक्म

से रुकना पड़ा उस दिन के बाद फ़ारिग़ होकर गंगोह पहुँचे तो हज़रत यानी (गंगोही)ने साफ इरशाद फरमाया कि तुम दोनों साहब फलाँ दिन रवाना होना चाहते थे मगर रोक लिये गए थे और जब खाना दस्तर ख्वान पर आया तो फरमाने लगे कि आपके साथ दो टट्टू भी तो हैं आख़िर वह भी मेरे महमान हैं अव्वल उनको घास दाना पहुँचाना चाहिए हालाँकि दोनों के टट्टू पर सवार हो कर आने की इत्तिला आपको किसी आदमी ने नहीं दी थी''

(हवाला : तजकेरतुल रशीद जि0,2 स0 224)

माँ के पट में किया है

(1) मोल्वी इसमाईल देहलवी ने तक़वियतुल ईमान में ''अलइशराको फिल इल्म '' की फस्ल में लिखा है कि ;

'' इसी तरह जो कुछ मादा के पेट में है उसको भी कोई नहीं जान सकता कि एक है या दो नर है या मादा कामिल है या नाक़िस खूबसूरत है या बद सूरत।

(हवाला न0 1:तकवियतुल ईमान, दारुस्सलफिया मुंबई, स0 42)
(हवाला न0 2:तकवियतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदया देहली, स0 ,40)

(2) शाह अब्दुल रहीम विलायती के मुरीद अब्दुल्लाह ख़ान जो क़ौम के राज पूत थे उनके पास अगर कोई अपने घर में ह़मल होता और तावीज़ लेने आता तो उसे अब्दुल्लाह बता दे ते थे कि तेरे घर में लड़की होगी या लड़का और जो अब्दुल्लाह बता दे ते थे वही होता था ।

(हवाला न0 1:हिकायतुल औलिया हिकायत न0,147, स0 184)
(हवाला न0 2:अरवाहे सलासा हिकायत न0,147,)

(3) पँजलासा (पँजाब) में शाह अब्दुल रहीम के ख़लीफ़ा राओ अब्दुल रहमान के क़श्फ़ की ये हालत थी कि कोई लड़की या लड़के के लिए तावीज़ माँगता तो बे तकल्लुफ़ कह देते कि तेरे घर लड़का या लड़की होगी लोगों ने अर्ज़ किया कि हज़रत ये कैसे आप बता देते हैं फ़रमाया किया करूँ बे महाबा मौलूद की सूरत सामने आ जाती है।

(हवाला न0 1 :हिकायतुल औलिया हिकायत न0,254, स0 271)
(हवाला न0 2 :अरवाहे सलासा हिकायत न0,254) .
(हवाला न0 3 :सवानेह क़ास्मी, जि0,8 स0,257,)

(4) हाफिज़ गुलाम मुर्तज़ा ने अशरफ़ अली थान्वी के पैदाइश रो क़ब्ल पेशीन गोई की कि थान्वी की वालिदह से दो लड़के तवल्लुद होंगे एक का नाम अशरफ़ अली रखना और दूसरे का नाम अकबर अलीरखना और ये भी बता दिया कि हाफ़िज़ व मोल्वी होगा और दूसरा दुनिया दार होगा बक़ौल सवानेह निगार ये सब पैशीन गोईयाँ हर्फ़ बा हर्फ़ रास्त निकलीं।

(हवाला न0 1:अशरफुस्सवानिह जि0,1 स0,17)

(5) थान्वी ने कहा कि मैं गुलाम मुर्तज़ा मज जूब की दुआ से पैदा हुआ हूँ वालिदह की औलाद ज़िन्दा नहीं रह ती थी क्योंकि बाप फारूक़ी और वालिदह अल्वी थीं उमर और अली की खींचा तानी में टूट जाती है गुलाम मुरतज़ा ने कहा कि अली के नाम से निस्बत करने से औलाद ज़िन्दा रहे गी चुनाँचे हम दोनो भाईयों के नाम अशरफ़ अली और अकबर अली भी बता दिये और ये भी बता दिया कि दो लड़के होंगे ।

(हवाला:न01:अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देवबंद)जि0,3,क़िस्त0,16मल0,11,स0,14)
(हवाला न02:अल इफ़ाज़ातुल योमिया जि0,1क़िस्त0 6,मल0,152 स0 78)
(हवाला न03:अशरफुस्सवानिह जि0,1 ,स0 164)
(हवाला न04:अशरफुस्सवानिह जि0,1 ,स0 7)

सुबूते इल्मे ग़ैब

मुंदरजा बाला इबारतों में देवबंदी उलमा ने अपने अकाबेरीन के इल्मे ग़ैब को साबित किया है और अंबिया व औलिया के तअल्लुक़ से इल्मे ग़ैब का इन्कार किया है ये बात इन्तिहाई ना क़ाबिले फहेम है कि इन ज़ालिमों ने अपने नबि ए बरहक़ ग़ैब दाँ पैग़म्बर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की ज़ाते वाला सिफ़ात को तनक़ीद व तनक़ीस का हदफ बनाया जब की सच तो ये है कि बग़ैर हुब्बे रसूल सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम दीन व इस्लाम का तसव्वुर ही नहीं किया जा सकता आक़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की ज़ात व सिफ़ात को हर ऐब व नक़्स से साफ़ व शफ्फ़ाफ़ तसलीम करने वाला ही मोमिन होगा रिश्ते दारी , क़राबत दारी, ग़र्जे कि सारे रिश्तों नातों पर सरकार सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की निसबत मुक़द्दम है हुजूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का कोई भी जाँ

निसार इन गुस्ताख़ और दरीदा दहन देवबंदी वहाबी मोल्वियों के ग़लीज़ कलेमात को सुनकर ख़ामोश नहीं रह सकता जब जब गुसताखियाँ की जायेंगी या की हुई गुसतखियों का तज़केरह होगा, गुलामाने आला ज़रत सीना सिपर होकर आला हज़रत की ज़बान व कलम बनकर एलान करते रहेंगे।

वह रज़ा के नेज़े की मार है कि अदू के सीने में ग़ार है।
किसे चारह जोई कावार है कि ये वार वार से पार है।

सरकारे दो आलम सल्लललाहो अलैहे वसल्लम के इल्मे ग़ैब के मुतअल्लिक़ कुरआन मजीद में रब तबारका व तआला ने ईरशाद फरमाया: وَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيُطْلِعَكُمْ عَلَى الْغَيْبِ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَجْتَبِي مِنْ رُّسُلِهٖ مَنْ يَّشَاءُ (तरजुमा) और अल्लाह की शान ये नहीं है कि ऐ आम लोगो तुम्हें ग़ैब का इल्म दे हाँ अल्लाह चुन लेता है अपने रसुलों में से जिसे चाहे(कंजुल्ईमान,पा0,4 आले इमरान आय0,179)

दूसरी जगह इरशाद है कि गैब का जानने वाला तो अपने गैब पर किसी को मुसल्लत नहीं करता सिवाय अपने पसंदीदा रसुलों के (कंजुल्ईमानपा0,29,अलजिन आयत,27)

कौले बारी तआला का तेवर मुलाहेज़ा कीजिये रब तआला आम लोगों को गैब पर मुत्तला नहीं फरमाता लेकिन जिन्हें ग़ैब का इल्म बताना चाहता है उनका इनतेखाब करलेता है अब मैं मुन्किरीने इल्मे ग़ैब से पूछना चाह ताहूँ कि يجتبى من رسله من يشاء के जुमरे में तुम्हारे नज़दीक किस का इंन्तेखा़ब हुवा अगर जवाब नफी में है तो وما له فى الاخرة من خلاق के तहेत फैसला हो चुका और अगर तुम्हारा जवाब इसबात में है तो मान्ने से इन्कार क्यों ?

हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि अल्लाह तआला ने मेरी सारी उम्मत को पैदाइश से पहले मुझ पर पेश फ़रमाया और मुझे इल्म दिया गया कि कौन मुझ पर ईमान लाएगा और कौन ईमान नहीं लाएगा जब ये बात मुनाफेक़ीन ने सुनी जो दरे पर्दा इस्लाम की बेख़ कनी करते थे और बज़ाहिर इस्लामी शक्ल व सूरत से मुसलमान साबित करते कहने लगे ये तो बहुत बड़ा दावा है इसकी दलील भी होनी चाहिए आक़ा सलल्ललाहो अलैहे वसल्लम ने मिम्बर पर रौनक़ अफ़रोज़ होकर इरशाद फ़रमाया आज से क़यामत क़ायम होने तक सारे अहवाल वाक़ेआत

में से जो चाहो पूछ लो जाँ निसार सहाबा में से हज़रत अब्दुल्लाह बिन हुज़ाफ़ा सैहमी रजियल्लाहो अन्हो खड़े हो जाते हैं या रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम मेरा बाप कौन है ग़ैब दाँ नबी ने इरशाद फ़रमाया तुम्हारा बाप हुज़ाफ़ा सहमी है (मुनाफ़ेक़ीन उनके नसब को मशकूक बताते हुए हिजो करते थे) अब मुनाफ़ेक़ीन के चहरे का जुग़रा फ़ियह बदलने लग़ा और यके बाद दीगरे राहे फ़रार इखतियार करने पर मजबूर हो गए।

ग़ौर करने का मुक़ाम है कि नसब की वज़ाहत वह पोशीदह ख़बर है जिसका इल्म माँ के अलावा किसी को नहीं होता लेकिन हुज़ूरे अकरम सल्ललाहो अलैहे वसल्लम उसे भी जानते हैं और उसकी ख़बरें भी देरहे हैं हुज़ूरे अकरम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की साहिब ज़ादी सय्यदह फ़ातेमा ज़हरा रज़ियल्लाहो अनहा जब उम्मीद से थीं तो सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की चची साहिबा हज़रत उम्मुल फ़ज़्ल बिन्ते हारिस ज़ौज ए हज़रत अब्बास रज़ियल्लाहो अन्हो ने एक ख़्वाब देखा जो बड़ा भयानक और ख़ौफ़ नाक था डरते डरते सरकार की बारगाहे आली मर तबत में हाज़िर हुई सरकार के इसरार पर अर्ज़ किया या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम मैं ने देखा है कि आपके बदन का एक टुकड़ा काटा गया और मेरी गोद में रखा गया आपने इरशाद फ़रमाया कि चची जान ये तो बहुत मुबारक ख्वाब है इंशाअल्लाह फातेमा को लड़का पैदा होगा और तुम्हारी गोद में दिया जाएगा चुनानचे ऐसा ही हुवा इमाम हुसैन रजियल्लाहो अन्हो पैदा हुए आज जब कि साइन्सी दौर है तरक़्क़ी की मंज़िलों से इन्सान गुज़र रहा है मुन्किरीने इल्मे ग़ैब कह सकते हैं कि आज दाया और डाक्टर भी लड़की या लड़के की निशान देही कर देते हैं और मशीनों के ज़रीये से भी मालूम हो जाता है अगर हुजूर ने बताया तो कौन सा इल्मे ग़ैब साबित हुवा लेकिन ये उनकी बकवास समझी जाएगी मैं आप की तवज्जो किसरा के कँगन की जानिब मबजूल कराना चाहता हूँ साफ़रे हिजरत के मौक़े पर आक़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया था कि ऐ सुराक़ा मैं तुमहारे हाथों में किसरा का कँगन देख रहा हूँ ये पेशीन गोई दौरे फ़ारूक़ी में पूरी हुई सय्यदुना

उमर फ़ारूक़ रज़ियल्लाहो अन्हो ने किसरा का कँगन जनाबे सुराक़ा को पैहनाया।

उमर फ़ारूक़ ने पैहना दिया कंगन सुराक़ा को
यही तो गैब दानी थी तुम्हारी या रसूलल्लाह। अज़–शाकिरुलकादरी इन्दोर ऐम पी

ये इल्मे गैब नहीं तो और किया हैं ? ग़ज़व ए ख़न्दक़ के मौक़े परआक़ा ए करीम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के उस अज़ीम चटान के तोड़ने का वाक़ेआ भी इल्मे गैबे मुस्तफा को साबित कर रहा है जो खोदाई के वक़्त निकल आई थी सिहाबा उसको तोड़ने में नाकाम हुए थे तो महबूबे किरदिगार ने अपनी तवानाई का बे मिसाल मुज़ाहिरा करते हुए उस चटान को तीन ज़रबों में पाश पाश कर दिया था और हर ज़र्ब पर गैब की ख़बर दे रहे थे मुझे मुल्के शाम दिया गया, मुझे मुल्के फ़ारस दिया गया यानी मेरी उम्मत शाम व फ़ारस को फ़तेह करेगी और ईरान को फ़तह करले गी किया इन वाक़ेआत का तअल्लुक़ इल्मे गैब से नहीं है? आगे बढ़िये और इरशादे बारीतआला मुलाहेज़ा कीजिए : وَمَا هُوَ عَلَى الْغَيْبِ بِضَنِينٍ

और ये नबी गैब बताने में बख़ील नहीं (कंज़ुल ईमान प० 30,अत्तकवीर आयत,42)

मज़कूरह आयते करीमा से साफ़ वज़ाहत हो रही है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को इल्मे गैब दिया गया दूसरे ये कि इस दिये गए इल्मे गैब से बहुत कुछ बता दिया बता देना सख़ावत की अलामत है और ना बताना बुख़ालत पर महमूल है सख़ी वही हो सकता है जिसके पास कुछ हो और लोगों को अता करता रहे अगर मेरे अक़ा सल्लललाहो अलैहे वसल्लम को इल्मे गैब न होता तो कैसे बता देते दूसरी आयतों की तफ़सीरों से भी मालूम होता है कि अल्लाह तआला ने अपने महबूब को इल्मे गैब दिया और अपने सिहाब ए किराम को गैब की ख़बरों से आगाह फ़रमा दिया।

हज़रत सय्यदुना उमर फ़ारूक़ रज़ियल्लाहो अन्हो फ़रमाते हैं कि आक़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने हमें इबतेदा ए मख़लुक़ात से लेकर एहले जन्नत के जन्नत और ऐहले नार के दोज़ख़ में दाखिल होने तक की ख़बरों से आगाह फ़रमाया है।

इन अक़्ल के दुश्मनों को कौन समझाए आमिना के लाल के इशारे

पर बादल आकर बरस्ते थे और इशारा पाते ही खुल जाते थे किया तारीख़ का वह सुनहेरा बाब याद नहीं है,जब एक जुमा को एक सहाबी ने बारिश न होने की वजह से अपनी परेशानियों का ज़िक्र किया था कि या रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम चरागाहें खुश्क हो चुकी हैं मवेशी परेशान हैं, दुआ फ़रमाईये आक़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने अपने नूरानी हाथों को बलंद फ़रमाया अभी दुआ खत्म भी न हो पाई थी कि यका यक मूसला धार झमा झम बारिश शुरु हो गई,चमन लैह लहा उठे सर सब्ज़ी व शादाबी से पूरे ख़ित्ते का जुग़राफिया बदल गया, आठ रोज़ तक मुसल सल बारिश होती रही दूसरे जुमा को वही सहाबी हाज़िर हो कर बारिश से होने वाले नुक़सानात का तज़किरा कर रहे हैं कि या रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम अब तो बारिश की वजह से मकानात मुन्हदिम हो रहे हैं तबाही आ गई है अब बारिश बंद होनी चाहि़ये मेरे आक़ा ने इशारह फरमा दिया कि हम पर न बरसे क़ुरबो जवार में बरस्ता रहे नतीजा ये हुवा कि बादल खुल गए अतराफ़ व जवानिब में उस वक़्त तक बारिश होती रही जब तक खुदा को मन्जूर रहा बताइये ऐसे क़ुव्वत व तसर्रुफ़ वाले बइख़तियार नबी की ज़ात में ऐब तलाश किया जा रहा है खुदावंदे करीम इन मुन्किरीने इल्मे ग़ैब और बे अक़्ल नजदियों को शऊर व आगाही अता फ़रमाए (आमीन)

अक़्ल होती तो ख़ुदा से न लड़ाई लेते
ये घटायें उसे मंजूर बढ़ाना तेरा।।

हज़रते अम्मार बिन यासिर रजियल्लाहो अन्हो बड़े ज़ाँ निसार वफ़ा शिआर सहाबी गुज़रे हैं एक दफ़ा मदीना शरीफ़ में एक इमारत तामीर हो रही थी कि एक दीवार आप पर गिर गई हर तरफ शोर व गौग़ा था कि अम्मार बिन यासिर शहीद हो गए ये बात जब ग़ैब दाँ पैग़म्बर सल्ललल्लाहो अलैहे वसल्लम तक पहुँची तो आपने फ़रमाया हरगिज़ नहीं अम्मार को बाग़यों की एक जमातअ शहीद करेगी और वही हुवा जो आपने फ़रमाया था एक जंग में हज़रत अकरमह बिन अबू जहल (जो उस वक़्त तक मुसलमान नहीं हुए थे) ने एक मुसलमान को शहीद कर दिया था सरकार को मालूम हुवा तो

फ़रमाया मैं क़ातिल व मक़तूल दोनों को जन्नत में देख रहा हूँ सुबहानल्लाह सहाब ए किराम की हैरत उस वक़्त जाती रही जब जनाब अकरमह इस्लाम की दौलते लाज़वाल से सरशार हुए और आगे बढ़िये मुन्किरीने इल्मे ग़ैब आँखें बंद करके वहाबियत और देवबंदियत की गोली बग़ल में दबाकर मुनाफ़िक़त का माजून खा कर बुख़ारी व मुस्लिम का मुताला करते हैं और हवा में तीर चलाते हैं अगर इश्के रसूल की शमा सीने में फ़रोज़ाँ करके अहादीस का मुताला करते तो हरगिज़ गुमराह न होते मक़ामे बद्र में गिरिफ़तार होने वालों में सरवरे दो जहाँ सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने अपने चचा के ज़िम्मे तीन आदमियों का ज़रे फ़िदया मुक़र्रर फ़रमाया हज़रते अब्बास लगे बहाने करने कि मेरे पास इतना माल किधर से आएगा तो आपने हक़ीक़त के चहरे से नक़ाब उठा दिया इरशाद फ़रमाया, चचा जान आप जिस वक़्त घर से चले थे चची साहेबा से क्या कह कर आए थे वह सोना किधर गया जो रात की सियाही में ये कह कर छोड़ आए थे कि मारा जाऊँ तो इतना फ़लाँ को देना इतना फ़लाँ को देना और अगर ज़िन्दा बच कर आ गया तो खुद ही हिसाब कर दूँगा इतना सुन्ना था कि हज़रते अब्बास रज़ियल्लाहो अन्हो बे क़रार होकर अर्ज़ करते हैं या रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम रात की तारीकी और भयानक सन्नाटे में जिस वक़्त मैंने अपनी अहलिया के सपुर्द सोना किया था कोई तीसरा मौजूद न था शबे दैजूर में होने वाली गुफतगू की ख़बर रखना आपके बर हक़ होने की सच्ची अलामत और रोशन दलील है आप गवाह हो जायें मैं इस्लाम में दाखिल हो रहा हूँ: मोहतरम हज़रात देखा आपने हज़रते अब्बास रज़ियल्लाहो अन्हो ने सरकार की ग़ैब दानी से मुतअस्सिर होकर इस्लाम का इज़हार फ़रमाया तअज्जुब है उन तबलीग़ी, नदवी, देवबंदी, मौदूदी वग़ैरहुम के नाक़िस इल्म और कज फ़हमी पर जो इल्मे ग़ैब का इन्कार कर रहे हैं रब तआला उन ना समझों को सच्ची समझ अता फ़रमाए (आमीन)

कुन्जी तुम्हें दी अपने ख़ज़ानों की खुदाने
महबूब क्या मालिक व मुख़तार बनाया।

नमाज़ में नबी का ख़्याल

नमाज़ में सरकारे दो आलम सल्लल्लाहे अलैहे वसल्लम का ख़्याल आना, उस के मुतअल्लिक़ इसमाईल देहलवी रक़म तराज़ हैं:

(1) " नमाज़ में सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का ख़्याल आना ज़िना के वसवसे से अपनी बीवी की मुजामेअत का ख्याल बेहतर है और शैख़ या उसी जैसे और बुज़ुर्गे की तरफ़ खुवाह़ रिसालत मआब ही हों अपनी हिम्मत लगा देना अपने बैल और गधे की सूरत में मुस्तग़रक़ होने से बुरा है "(मआज़अल्लाह)
(हवाला: सिराते मुस्तक़ीम उर्दू, इदारतुल रशीद देवबंद स0 118)

मुन्दरजा बाला इबारतों की वज़ाहत करते हुए आँ जनाब लिखते हैं चूँकि हुज़ूर और शैख़ का ख़्याल उन की बुज़ुर्गी के साथ दिल में चिमट जाती है और बैल व गधे या बीवी से मुजामेअत या वसवस ए ज़िना से ऐसा नहीं होता है।

(2) एक तालिबे इल्म ने थानवी को लिखा कि खुशू के लिए नमाज़ में आप का ख्याल करता हूँ :जवाब लिखा नमाज़ में क़सदन न किया जावे– (हवाला: अशरफुस्सवानेह जि0,2 स0,125)

(3) ऐसे में. नमाज़े तहज्जुद और ज़िक्र में वाहियात ख्यालात महसूस करने वाले को आँजहानी थानवी जी ने लिखा कि अपने शैख़ का तसव्वुर उन परेशान ख्यालात का दाफे होगा:
(हवाला: अशरफुस्सवानेह जि02,स0, 131)

(4) एक शख़्स ने थानवी को लिखा कि नमाज़ में बावजूद बार बार तवज्जो करने के वसाविस का हुजूम रहता है जवाब में थानवी साहिब ने लिखा कि शैख़े कामिल या और किसी ऐसी ही चीज़ का तसव्वुर तजवीज़ करके उसका इस्तेमाल करें ।

(5) एक शख़्स ने थानवी को लिखा कि अगर आपकी सूरत का तसव्वुर करलूँ तो नमाज़ में जी लगता है। जवाब इनायत किया जाइज़ है मगर दो शर्त हैं एक ये कि एतेक़ाद में मुझे हाज़िर व नाज़िर न समझे और दूसरी शर्त ये है कि उसकी किसी को इत्तेला नदे ये तसव्वुरात ख़तरात के दरजे में है।
(हवाला: अलकलामुल हसन,हिस्सा,1मलफूज़,298 स0, 140)

(6) थानवी के बक़ौल: नमाज़ में बिला ज़रूरत गैरे नमाज़ का ख्याल न लाना चाहिये , हाँ अगर किसी जरूरत की वजह से मशरू या मबाह अर्म का ख्याल लाए और उसको क़सदन बाक़ी रखे तो उसमें मवाखिज़ा नहीं।

(हवाला: कमालाते अशरफिया1995 बाब,1मलफूज़,425 स0, 101)

ख़्यालाते फ़ासिदा

मआजअल्लाह सद बार मआजअल्लाह मज़कूरा बाला इबारतें किस क़दर अख़लाक़ सोज़ और गुमराह कुन हैं उम्मती अपने नबी के बारे में ख्यालाते फ़ासेदा रखे ये ज़हनी अय्यारी और शक़ावते क़ल्बी के अलावा किया हो सकता है रब फरमाता है : नबी मुसलमानों का उन की जान से ज़्यादा मालिक है।(कंजुलईमान प0,21अल अहज़ाब अ0,9) इस आयत में लफ्ज़े औला पर गौर कीजिए: ज़्यादा मालिक, ज़्यादा क़रीब ज़ियादा हक़ दार मालूम हुवा की हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम हर मोमिन के दिल में जलवह गर हैं हाज़िर व नाज़िर हैं क्योंकि वह हमारे सबसे ज़्यादा मालिक हैं और हमारी जानों से ज़्यादा राहत व सुकून व क़रार पहुँचाने वाले हैं:

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की मुहब्बत सब पर मुक़द्दम है आप खुद ही इरशाद फ़रमाते हैं तुम में से कोई उस वक़्त तक मोमिन नहीं हो सकता जब तक कि मैं उसे माँ और बाप औलाद और तमाम लोगों से ज़्यादा महबूब और प्यारा न हो जाऊँ इस से ज़ाहिर हुवा की हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम से तबई मुहब्बत करनी चाहिए न कि सिर्फ़ अक़्ली और ज़बानी जमा ख़र्च रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम से ऐसी मुहब्बत होनी चाहिए जैसी मुहब्बत अल्लाह तआला से होती है क्योंकि सरकार सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की मुहब्बत रुकने ईमान है आप जाने ईमान हैं नबी का नमाज़ में ख्याल न आना ईमान की अलामत नहीं और न नमाज़ी की पहचान है इसमाईल देहलवी के नज़दीक वह नमाज़ बातिल है जिसमें नबी का ख़्याल आए और अशरफ़ अली थानवी ऐसी नमाज़ों को कामिल बताते हुए अमल पैरा होने का

नुस्खा भी अपने मुरीद व मुतवस्सिलीन को बता रहे हैं हर सुन्नी मुसलमान का यही अक़ीदा है कि जिस नमाज़ में हुजूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का ख़्याल न आए और आपकी मुहब्बत शामिले नमाज़ न हो वह इबादत ही फुजूल है ऐं मुनाफ़िक़ो तुमहें वह नमाज़ें मुबारक हों हम तो अदा ए मुस्तफ़ा शुमार करते हैं वही नमाज़ें पढ़ेंगे जिसे अबू बक्र व उमर ने पढ़ीं जिस पर तमाम सिहाबा व औलिया व बुजुरगाने दीन का अमल रहा है ऐ नादान! जब तक महबूब की अदाओं पर जान कुर्बान न करेगा इश्क़ की तकमील ग़ैर मुम्किन है और उसकी बात ही निराली है जो महबूबे रब्बुल आलमीन है ना कोई उनके मिस्ल है और ना कोई उन की मिसाल रब फ़रमाता है कि मेरे महबूब के होंट उस वक़्त हिलते हैं जब हमारी वही आती है गोया नबी सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम अपनी ख़्वाहिश से लब भी नहीं हिलाते खुद हुजूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम अपनी ज़बाने हक़ तर्जुमान से फ़रमाते हैं, मैं तुम्हारे जैसा नहीं हूँ:

ताजदारे ऐहले सुन्नत मुजद्दिदे दीन व मिल्लत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ फ़ाज़िले बरेलवी रहमतुल्लाह अलैह फ़रमाते हैं ।

मैं तो मालिक ही कहूँगा कि हो मालिक के हबीब
यानी महबूब व मुहिब में नहीं मेरा तेरा

अंबिया व औलिया को बन्द ए आजिज़, ज़र्र ए नाचीज़ से कम तर वग़ैरह कहना

(और अकाबिरीने देवबंद की तारीफ़ में ग़ुलू करना)

(1) मोलवी इसमाईल देहलवी ने लिखा है: "हर मख़लूक़ बड़ी हो या छोटी वह अल्लाह की शान के आगे चमार से भी ज़्यादा ज़लील है। (मआजअल्लाह)

(हवाला 1: तक़वीयतुल ईमान, दारुस्सलफ़िया मुम्बई, स0,30)

(हवाला 2: तक़वीयतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदिया देहली, स0,27)

(2) " अल्लाह की शान बहुत बड़ी है सब अंबिया व औलिया उसके सामने ज़र्र ए नाचीज़ से भी कमतर हैं"(मआज़अल्लाह)

(हवाला 1: तक़वीयतुल ईमान, दारुस्सलफ़िया मुम्बई, स0,92)

(हवाला 2: तक़वीयतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदिया देहली, स0,92)

(3) "औलिया, अंबिया, व इमाम ज़ादा, पीर, व शहीद यानी जितने अल्लाह के मुक़र्रब बन्दे हैं वह सब इन्सान ही हैं और आजिज़ बन्दे हैं और हमारे बड़े भाई हैं, मगर अल्लाह ने उनको बड़ाई दी वह हमारे बड़े भाई हैं हमं उनके छोटे भाई हैं हमको उनकी फ़रमाँ बरदारी का हुक्म है उन की ताज़ीम इन्सानों की सी करनी चाहिये न की अल्लाह की तरह"(मआज़अल्लाह)

(हवाला 1: तक़वीयतुल ईमान, दारुस्सलफ़िया मुम्बई, स0,99)

(हवाला 2: तक़वीयतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदिया देहली, स0,99)

(4) "जैसा हर क़ौम का चौधरी और गावं का ज़मीन्दार, सो इन मानों कर हर पैग़म्बर अपनी उम्मत का सरदार है और हर इमाम अपने वक़्त के लोगों का और हर मुजतहिद अपने ताबेओं का"

(हवाला 1: तक़वीयतुल ईमान, कुतुब ख़ाना मसऊदिया देहली, स0,105)

(5) मोलवी अशरफ़ अली थानवी, रशीद अहमद गंगोही और क़ासिम नानोतवी के दादा हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की के पीर व मुर्शिद मियाँ जी नूर मोहम्मद के मुतअल्लिक़ थानवी ने कहा:

"मियाँ जी नूर मोहम्मद सरापा नूर ही नूर थे"

(हवाला 1: हसनुल अज़ीज़,जि0,2 हिस्सा,1मल्फ़ूज़,84 स0,217)

(6) बक़ौल थानवी, गंगोही (रशीद अहमद)"हर पहलू में कामिल थे मैंने किसी शख़्स को ऐसे आदात व सिफ़ात का नहीं देखा"

(हवाला 1:,जिल्द,1 हिस्सा,1 मल्फ़ूज़,97 स0,101)

(7) बक़ौल थानवी,"डेढ़ दोसो वर्ष से हाजी इमदादुल्लाह जैसा मुहक़क्कि़ पैदा नहीं हुवा वह फ़न्ने तसव्वुफ़ के मुजतहिद थे"
(हवाला 1:हसनुल अज़ीज,जिल्द,1 हिस्सा,1मल्फ़ूज़,2 स0,36)

(8) मोहतमिम दारुल उलूम देवबंद मोलवी रफी उद्दीन के क़ौल के मुताबिक़ मोलवी क़ासिम नानोतवी की ख़िदमत में, 25 वर्ष तक मैं बे वजू नहीं गया (अल अयाज़ु बिल्लाह)
(हवाला 1:,हिकायातुल औलिया हिकायत न0,242 स0,259)
(हवाला 2:,अरवाहे सलासा हिकायत न0,242 स0,240)
(हवाला 3:,सवानेह क़ासमी जिल्द न0,1 स0,130)

(9) बक़ौल थानवी"हाजी इमदादुल्लाह हुज्जतुल्लाहे फ़िल अर्ज़ और ज़िल्लुललाहे फ़िल अर्ज़ थे"
(हवाला 1:ख़ातिमतुस्सवानेह स0,128)

(10) मोलवी इसमाईल देहलवी के पीर व मुर्शिद सय्यद अहमद राय बरेलवी के लिए मछलियाँ, चूँटियाँ दुआ करती थीं और उसको जानवर और दरख़्त पहचान्ते थे।(मअज़अल्लाह)
(हवाला 1:,हिकायातुल औलिया हिकायत न0,117 स0,151)
(हवाला 2:,अरवाहे सलासा हिकायत न0,117 स0,131)

(11) ख़लील अहमद अंबेठवी ने गंगोही को मलजा मावा रहमतुल लिलआलमीन, ग़ौस व ग़यास वग़ैरह अल्क़ाबात लिखे हैं।
(हवाला 1:तज़किरतुल रशीद जिल्द न0,1 स0,149)

(12) गंगोही अपने ज़माने के औलिया अल्लाह का सरदार था व नीज़ नाइबीने रसूल के गिरोह कि सियादत उसके हवाले थी वह पेशवायाने ख़ल्क़ का इमाम व पेशवा था।
(हवाला 1:तज़केरतुल रशीद जिल्द न0,2 स0,16)

(13) बक़ौल थानवी,"हाजी इमदादुल्लाह की बदौलत ही हक़ वाज़ेह हुवा :
(हवाला:1 हसनुल अज़ीज़,जि0,1,हिस्सा,2,क़िस्त,17,मल्फ़ूज़,239 स0,237)

(14) बक़ौल थानवी, " हाजी इमदादुल्लाह मुजस्सम रहमत थे।
(हवाला 1: हसनुल अज़ीज़,जि0,1,हिस्सा,1,मल्फ़ूज़,70 स0,72)

(15) क़ाज़ी सना उल्लाह बेहक़ी थे बक़ौल थानवी बहवाला शाह अब्दुल अजीज।
(हवाला:1 हसनुल अज़ीज़,जि0,1,हिस्सा,1,क़िस्त,17,मल्फ़ूज़,237 स0,336)

(16) थानवी ने अपने ख़लीफ़ा ख़्वाजा अज़ीज़ुल हसन से कहा कि आपका लिखा हुवा किरामन कातेबीन से भी ज़्यादा जामे होगा।

(हवाला 1: हसनुलअजीज़,जि0,1,हिस्सा,2,किस्त,17,मल्फूज़,237 स0,304)

(17) बक़ौल रशीद अहमद गंगोही हाजी इमदादुल्लाह की मौजूदगी में हम हज़रते जुनेद की तरफ़ इलतिफ़ात भी ना करें।

(हवाला 1: हसनुल अजीज,जि0,1,हिस्सा,3,किस्त,18,मल0,339 स0,304)

झूट ही झूट

आज हम ऐहले सुन्नत व जमाअत को झगड़ालू बताया जा रहा है इमाम ऐहले सुन्नत आक़ाए नेमत मुजद्दिदे दीन व मिल्लत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ रज़ियल्लाहो तआला अन्हो को बिदअतों का मोजिद क़रार दिया जा रहा है जब कि आला हज़रत ने बिदअतों का रद्दे बलीग़ फ़रमाया है यक़ीनन ये लोग इख़्तिलाजे क़ल्ब जैसे ख़तर नाक मर्ज़ के शिकार हैं इनके क़ल्बी नज़रियात यानी अक़ीदे न दुरुस्त थे न हैं अगर्चे यह लोग कलेमा गो और नमाज़ी थे और हैं मगर फ़रमाने इलाही के बमोजिब मोमिन नहीं क्योंकि अक़ीदा दिल के पुख़ता और मज़बूत इरादे का नाम है और आयाते कुर आनी साफ़ बता रही है कि जिसका अक़ीदा ठीक न हो वह नमाज़ रोज़े का कितना ही पाबंद क्यों न हो हरगिज़ मोमिन नहीं हो सकता आज वहाबी धरम के ठेकेदारों की किताबें पढ़ने के बाद उस घिनाओ ने मज़हब से तोबा करके बेज़ारी का ऐलान क्यों नहीं किया जा रहा है ? मर्द व औरत नौजवान नस्ल किस क़दर ज़हनी इन्तेशार का शिकार होते जा रहे हैं किया इस का अंदाज़ा है ?

अगर वहाबी धरम के लोगों से सवाल किया जाए कि किया ये इबारतें सही हैं तो वह यक़ीनन सर खुजा कर बग़लें झाँकते हुए नज़र आयेंगे या अपना रास्ता इख़्तियार कर लेंगे या ये कहकर दामन बचाने की कोशिश करेंगे कि सुन्नी मोल्वियों ने बदनाम करने के लिए किताबें छपवाकर तक़सीम की हैं ऐसे मौक़े पर आपगिरेबान पकड़ लिजिये और कहिये ज़ालिम अगर तेरे क़ौल में सदाक़त है तो ऐलान करदे कि मज़कूरा किताबों से देवबंदी आलिमों का कोई वास्ता नहीं है और ऐसे गंदे ज़हन व फिक्र के लोग गुमराह, बद दीन, गुसताख़े रसूल हैं और उन की किताबें गुमराह कुन हैं , मगर ऐसा

न हो सकेगा क्योंकि क़ल्ब व सीना सरकारे दो आलम सल्लललाहो अलैहे वसल्लम की मोहब्बत से ख़ाली है।

पहले जनाबे शेख़ ने देखा इधर उधर
फिर सर झुका कर दाख़िले मैख़ाना हो गए

फ़ुहश मिसालें और फ़ुहश कलामी

(1) बक़ौल थानवी "मियाँ बीवी ख़त के ज़रीये इज़हारे मोहब्बत करें लेकिन मिलें नहीं तो औलाद ना होगी, इसी तरह समराते खास्सा के लिये सोहबते शेख़ जरूरी है।

(हवाला1:हसनुल अ़ज़ीज़ जि01, हि0,1 कि016, मल0,19, स024)
(हवाला2: कमालाते अशरफिया (1995)बाब1, मल0754, स0193)

(2) अपना कोई हाले बातनी किसी पर ज़ाहिर करने वाले को थानवी ने कहा कि शर्म न आई अपनी बीवी को गै़र की बग़ल में देना किसी को गवारा हो सकता है?

(हवाला1:हसनुल अज़ीज़ जि01,कि016, मल062,हिस्सा 1 स0,62)

(3) थानवी का क़ौल मुलाहिज़ा हो लोगों से लड़कों का मिलना ऐसा है जैसे लड़कियाँ ग़ैर लोगों से मिलीं।

(हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि01, हि01, मल0,66, स070)

(4) निकाहे सानी के ज़िम्न में थानवी कहते हैं कि दिया सलाई की नोक पर जो लगा रहता है वह सब में मौजूद है बहुत सो में रगड़ लग गयी है हम में रगड़ नहीं लगी।

(हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि01, हि02, कि017 मल0,149, स0169)

(5) कहीं मुलाज़िमत करनें वाले को थानवी नें कहा तुम बड़े तेज़ हो निकाह कर लो सब जोश निकल जायेगा।

(हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि01, हि02, कि017 मल0,110, स0125)

(6) थानवी से एक शख्स नें पूछा कि आप के पास रेन्डी तो कोई नहीं आती कहा कि रेन्डे तो आते हैं वह एक ही हैं चाहे रेन्डी हो या रेन्डे।

(हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि01, हि02, कि017 मल0,170, स0189)

(7) थानवी कहते हैं कि बाज़ लोग ऐसे आते हैं कि खुद जी चाहता है कि यह हम से मुरीद हो जायें लेकिन खुद कहनें में शरम आती है जैसे कि लड़की के निकाह में हमारी लड़की से निकाह करलो कहने में शर्म आती है।

(हवाला:हसनुल अजीज जि01, हि03, कि018 मल0,450, स0,74)

(8) इबादत के लिये थानवी जी का नुस्खा मुलाहिजा हो: तरीक में अगर लज्जत मकसूद है तो बीवी को बगल में लेकर जिक्र करें खुदा की कसम बहुत लज्जत आयेगी एक जर्ब इधर हो एक जर्ब उधर हो।

(हवाला:हसनुल अजीज जि01, हि03, कि018 मल0506, स0154)

(9) बे दिली से तालीम करने के जिम्न में थानवी का मुजर्रब नुस्खा कि सोहबत के वक्त औरत मर्द दोनों को शहवत होना चाहिये और हमल करार पाने के लिये तवाफुके इनजालैन शर्त है वरना हरकात मुतइबा हो ही जाएगी लेकिन नस्ल नहीं चलेगी खुवाह मखुवाह बेचारी को तंग किया, जाड़े में नहाने की तकलीफ दी इसी तरह बे दिली से तालीम करना बिल्कुल ऐसा ही है जैसे बिला शहवत सोहबत करना।

(हवाला1:हसनुल अज़ीज़ जि01, हि03, कि018 मल0538, स0192)

(हवाला2:कमालाते अशरफिया बाब1,मल0928,स0232)

(10) बक़ौल थानवी निकाह करते वक्त मर्द और औरत का एक दूसरे से बच्चा जनवाने का वादा लेना नादानी है इसी तरह मुरीद का पीर से कोई चीज़ हासिल करा देने का गुमान भी नादानी है।

(हवाला1:हसनुल अज़ीज़ जि01, हि04, कि019, मल0,619, स0,96)

(11) थानवी कहते हैं कि बूढ़ों के मक़ाबले में जवान में इसमत ज़्यादा होती है बूढ़ों में शहवत ज़्यादा होती है लिहाज़ा बूढ़े आदमी से औरतों को ज़्यादा बचाओ।

(हवाला1:हसनुल अजीज़ जि01, हि04, कि019, मल0623, स0,129)

(12) थानवी कहते हैं कि ज़िक्रे लिसानी से लोगों की जान निकलती है बस यही कहते हैं कि मज़ा नहीं आता मैंनें इस पर कहा था कि मज़ा तो मज़ी निकलनें में आता है लोहे के चनेंचबाने में मज़ा कहाँ।

(हवाला1:हसनुल अज़ीज़ जि03, हि03, कि014, स0,6)

(13) थानवी जी की खुबासत मुलाहिजा फरमाइये कि औरतें बहलानें के लिये हैं रोटियाँ पकानें के वासते नहीं।

(हवाला: अलइफाजातुल योमियया(देवबन्द)जि02,कि10,मल0892,स0502,)

(14) बक़ौल थानवी कुंवारी लड़की और बेवा से निकाह करनें में यह फर्क़ है कि कुंवारी लड़की को जिस रंग में चाहो ले आओ लेकिन बेवा में अगले शौहर का असर होता है इसी तरह जो शख्स पहले किसी का मुरीद रह चुका हो उसमें अगले शेख का कुछ ना कुछ

असार जरूर रहता है।

(हवाला:अलइफाजातुल योमिया (देवबन्द)जि03,कि018,मल0543,स0059)

(15) याकूब नानोतवी कहते हैं दुनयादार का एतकाद ऐसा है जैसे गधे की फलाँ चीज बढ़ता है तो बढ़ता चला जाता है और घटता है तो घटता ही चला जाता है यहाँ तक कि नर व मादा का भी इमतियाज नहीं रहता (मनकूल अज़ थानवी) (नोट) गधे की फलाँ चीज से मुराद उसका अज़ू ए तनासुल है।

(हवाला:1 हसनुल अजीज जि03,कि0,14हिस्सा 3,स0,26)

(हवाला:2 अलइफाजातुल योमिया (देवबन्द)जि02,कि07,मल0344,स0191)

(हवाला:3 मआरिफे याकूबी स0,83)

(16) बकौल थानवी:माँ के पेट से निकलने को कब जी चाहता था दाई ने टाँगें पकड़ कर जबर दस्ती खींच लिया।

(हवाला: अलइफाजातुल योमिया (देवबन्द)जि01,कि05,मल01005,स0498)

(17) ज़ौकी उमूर के ज़िम्न में थानवी ने कहा कि कोई कितना ही बड़ा आलिम हो वह इन उमूर से ऐसा ही अजनबी है जैसे अैनिन(बमाना नामर्द)औरत की लज़्ज़त से अजनबी होता है।

(हवाला:1 हसनुल अजीज़ जि03,कि014हिस्सा 3,स0113)

(18) थानवी कहते हैं कि अैनिन (नामर्द)क्या जाने कि निकाह में किया मजा है और मन्कूहा कैसी काबिले क़द्र चीज़ है इसी तरह जिनकी बातनी आँखें पट हैं वह बातनी दौलत की हकीक़त किया समझें।

(हवाला:कमालाते अशरफिया(1995) बाब1,मल0104,स046)

(19) बकौल थानवी जिस को जवानी में लज़्ज़त हासिल हो चुकी हो बुढ़ापे में उसकी लज़्ज़त कम नहीं होती जैसे पुरानी जोरू में उन्स की ज़्यादती होती है।

(हवाला:कमालाते अशरफिया(1995) बाब1,मल0118,स049)

(20) थानवी कहते हैं बच्चों पर और औरतों पर सब आशिक़ होते हैं मगर बूढ़ों पर इश्क़ होते हुए उन्हीं हजरात में देखा ऊपर से अक़ली इश्क़ तो होता है मगर बहुत से हजरात को अपने मुर्शिद से तबई इश्क़ भी होता है। और ये तो मुशाहिद हैं फिर भी खुदा तआला से तबई मुहब्बत नहीं होती तो उस मुनकिर की मिसाल ऐसी है। जैसे अैनिन(ना मर्द) कहे कि औरत में लज़्ज़त नहीं।

(हवाला: हसनुल अजीज़ जि03,हि01,कि012,स0,203)

(21) बेवा से निकाह करना सुन्नत है ये कहने वाले को थानवी कहते हैं कि चाहे सुन्नत (अजूए तानासुल)ही के लिए करते हैं।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि01,हि03,कि018,मल0509,स0159)

(22) थानवी कहते हैं कि फासिक़ फाजिर की शहवत कुछ आँख की राह से कुछ ख़्यालात की राह से निकल जाती है मुत्तक़ी का सब ज़ख़ीरा कोठरी में रहता है उन्हें कुव्वत ज़्यादा होती है लिहाजा औरतों को बुजुर्गों से बचाना चाहिये।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि01,हिस्सा04,कि019,मल0623,स0,130)

(23) थानवी ने एक मोल्वी से सुरीन (चूतड़) का अरबी लफ़्ज़ पूछा मोल्वी साहिब ने कहा अरबी में सुरीन नहीं होता फिर उसकी अरबी कहाँ से हो।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि02,हि02,कि015,मल0377,स0146)

(24) थानवी का शरारती क़ौल कि इन्ज़ाल के वक़्त जबकी बीवी के सिवा और कोई चीज़ नज़र में नहीं उस वक़्त ख़ुदा को याद रखो।

(हवाला: अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देवबंद) जि01,कि04, मल0949,स0474)

(25) मोल्वी अशरफ़ अली थानवी कहते हैं कि शौहर कि दस्तख़त न हो ऐसा किसी औरत का ख़त पढ़ना ऐसा है कि जैसे बिला शुबह शौहर की मौजूदगी में आस पास बैठकर उससे बातें करना

(हवाला: अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देवबंद) जि04,कि024,मल0309,स0368)

(26) थानवी ने कहा कि औरत के इश्क़ में जुल्मत होती है और मर्द के इश्क़ में जुल्मत शदीद होती है औरत तो अमले तमत्तो हैं लेकिन हर अमले तमत्तो फितरतन हैं ही नहीं।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि01,हि01,मल026,स026)

(27) थानवी का कहना है कि किसी हसीन औरत को देखकर बुरा ख़्याल आए तो बदसूरत का मुराक़ेबा करे वह ख़्याले बद जाता रहेगा।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि01,हि01,मल029,स028)

(28) कम उम्र वाले से पर्दा करने पर थानवी ने कहा कि जब वह छोटासा (बच्चा)आ जाएगा तब मालूम होगा कि ये कैसा छोटा है।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि01,हि01,मल054,स041)

वफ़्क़ीहे तब्आए देवबंद

मोहतरम हज़रातः आपने फ़हश कलामी और उसी तरह की मिसालें पढ़लीं मनचले और आशिक़ मिज़ाज़ लोगों ने किस क़दर बेहयाई का मुज़ाहिरा किया है थानवी जी ने कभी बूढ़ों के इश्क़ का तज़किरा किया तो कभी बीवी के साथ इन्ज़ाल होने के फ़वाइद से आगाह फ़रमाते हैं तो दूसरी जानिब अपने मुरीदों और पैरु कारों को अपनी अपनी लड़कियों को बूढ़ों और बुजुर्गों से बचाने का पैग़ाम दे रहे हैं।

वह ज़बानें कितनी गलीज़ और कितनी शातिर व अय्यार रही होंगी जिसने फहश मिसालें इश्क़ि या जुमलों और नाज़ेबा कलेमात से मोतक़ेदीन को समझा कर उनके ज़ौक़े तबा का सामान फ़राहम किया है।

मुंदरजा बाला इबारात में कितने ख़ामोश इशारे पोशीदा हैं उसके इज़्हार की ज़रूरत नहीं, ताहम ये सवाल अपनी जगा बरक़रार है कि अगर मुरीदों की ज़बानें बे क़ाबू हो गईं थीं तो पीर को ज़रूर एहतियात करनी चाहिए हाला कि पीर व मुरीदीन और मोतक़िदीन किसी की ज़बान बे क़ाबू नहीं थी सिर्फ लज़्ज़ते नफ़्स का मुआमिला था वरना ये कहने की किया जरूरत थी कि बीवी को बग़ल में लेकर ख़ुदा का ज़िक्र करो क़सम ख़ुदा की लज़्ज़त आएगी एक ज़र्ब इधर हो एक ज़र्ब उधर। (मआजअल्लाह)

दर हक़ीक़त नजिस ख़मीर का नतीजा है रब तआला का इरशाद है। الخبيثت للخبيثين و الخبيثون للخبيثت و الطيبت للطيبين والطيبون للطيبت (तर्जुमा) गंदियाँ गंदों के लिए और गंदे गंदगियों के लिए और सुथरियाँ सुथरों के लिए और सुथरे सुथरियों के लिए

(कंजुल ईमान प0,18 अन्नूर, आयत 7)

मालूम हुवा कि ख़बीस लोग ख़बीस ख़स्लतें इख़तियार करते हैं और अच्छे लोग अच्छी खस्लतें इख़्तियार करते हैं यही वह अशरफ़ अली थानवी हैं जिन की तालीमात को आम किया जाता है जिनकी तसनीफ़ात को तक़सीम क्या जा रहा है। ईमान दारी से बताईये अगर गंदी इबारतों की जगा क़ुरआन व हदीस से मिसालें दी जातीं तो किया क़बाहत होती किया यह सब इस्लामी तालीमात के

मवाफ़िक हैं? है किया ख़िलाफ़े शरा अफ़आल सरज़द नही हुए? किया इसका इरतेकाब करने वाले मुजरिम नहीं हैं?
जरूर हैं। और ये सब बातें कुछ जिद्दत व बिदअत पसंद लोगों को इस तरह भागई हैं कि आज इस्तिआरा बन गई हैं।
सरकारे आला हज़रत रहमतुल्लाह अलैह फ़रमाते हैं:

नजदी तुझको उसने मोहलत दी कि इस आलम में है
काफ़िर व मुर्तद पे भी रहमत रसूलुल्लाह की ﷺ

तवाइफ़ और अकाबेरीने देवबंद

(1) मेरठ में एक रेंडी का नानोतवी के पास अपनी लड़की के हमराह आकर कहना "कि मेरी छोकरी बीमार है और मेरी बसर औक़ात इसी पर है आप तावीज़ दो" नानोतवी ने उसको मकान की ऊपर वाली मंज़िल में ठैरे हुए मोल्वी याकूब नानोतवी के पास भेजा मोल्वी याकूब ने रेंडी को तावीज़ दिया और दुआ कर दी लड़की को आराम हो गया, रेंडी का धंदा शुरू हो गया तो रेंडी शुकरिया में मिठाई लाई और मोल्वी याकूब को देकर चली गई।

(हवाला:1 हिकायातुल औलिया हिकायत 367 स0 339)
(हवाला:2 अरवाहे सलासा हिकायत 367 स0 322)
(हवाला:3 मआरिफ़े याकूबी स0 74)

(2) रेंडी के बनाए हुए कुंए का पानी पीना और वजू व गुस्ल करना दुरुस्त है।

(हवाला:1 फ़तावा रशीदया स0 571)
(हवाला:2 फ़तावा रशीदया(पुरानी1363हि0)जि0,2 स0 98)

(3) थानवी के मामूँ से उनके पीर भाई ने कहा कि हमारे पीर साहिब के पास रात में रेंडियाँ आती हैं, मामूँ ने कहा अल्लाह आप को जज़ाए ख़ैर दे पीर साहिब ने निकाह नहीं किया था मुझे शुबा था कि ये अैनिन(ना मर्द) हैं और ये हज़रात वारिस होते हैं अंबिया के और अंबिया मर्दे कामिल होते हैं लेकिन पीर साहिब के मुतअल्लिक़ अैनिन होने का शुबा एक नक़्स था लेकिन आपके कहने के मुताबिक़ रेंडियाँ आती हैं तो मालूम हुवा कि पीर कामिल हैं आपने मेरे शुबा को रफ़ा कर दिया अब रहा ये कि रंडियाँ आती हैं ये एक गुनाह है तोबा

करके पाक व साफ हो जायेंगे।
(हवाला 1: अलइफ़ाजातुल योमिया (देवबंद)जि01,कि02, मल0437,स0220)
(हवाला 2: अलइफ़ाजातुल योमिया(थानाभवन)जि02,हि0,1कि042,मल0436,स0395)
(4) ज़ामिन अली जलाल आबादी जिन के मुतअल्लिक गंगोही ने कहा कि ज़ामिन अली की सहारनपुर की तमाम रेंडियाँ मुरीद थीं एक मर्तबा वह सहारनपुर में एक रेंडी के यहाँ ठहरे हुए थे सब मुरीदनियाँ मिलने आयीं लेकिन एक नहीं आयी फिर जब वह आयी तो पीर साहिब नें ना आने की वजह पूछी तो कहा रूसियाही की वजा से ज़्यारत को आते हुए शरमाती हूँ पीर नें कहा शरमाती क्यों हो करने वाला कौन और कराने वाला कौन वह तो वही है। रेंडी यह सुनकर आग हो गयी लाहौल पढ़ी और कहा मैं गुनहगार हूँ लेकिन ऐंसे पीर के मुंह पर पेशाब भी नहीं करती यह कह कर वह रेंडी उठकर चली गयी।
(हवाला1:तज़किरतुल रशीद जि02,स0242)
(हवाला2:अद्देवबंदिया(अरबी)स040)
(5) घिस्सन शाह को मिलनें थानवी तवाइफ के कोठे पर गये वहाँ जाकर मिठाई पेश करके दुआ की दरख्वास्त की।
(हवाला:अशरफुस्सवानेह जि01,स0120)
(6) थानवी नें किस्सा ब्यान किया कि सन्दीला नाम की बस्ती में कहेत के साल रेंडियों की दुआ के सबब बारिश हुयी।
(हवाला: अलइफ़ाज़ातुल योमिया (देवबंद)जि03,क़िस्त14,मल0568,स0376)
(7) थानवी कहते हैं कि एक हसीन औरत का शौहर किसी बदसूरत रेंडी पर आशिक है उसकी बीवी नें ख़ादिमा के ज़रीए तहक़ीक़ की तो मालूम हुआ कि वह जब जाता है तो भड़वा कहकर जूते मारती है बीवी नें भी इसी तरह किया तो उसने रेंडी को छोड़ दिया।
(हवाला: अलइफ़ाज़ातुल योमिया (देवबंद)जि03,कि013,मल0323,स0246)
(8) बक़ौल थानवी:"मोल्वी और रेंडी के मुलाज़िम बे फिक्र होते हैं क्योंकि हर दो फिरक़े मख़्दूम होते हैं दोनों के ख़ादिम बहुत होते हैं एक को काम कहो दस दौड़ते हैं बस मुलाज़िम नवाब बन जाते हैं।
(हवाला: हसनुल अजीज़ जि02,हि01,मल08,स0168)
(9) कश्फ़ क्या कसबी है पूछने वालों को थानवी ने कहा कि कस्बी(यानी रेंडी) तो फ़िर भी किसी की मतलूब है और अगर रेंडी से निकाह कर लो तो बे खतरा भी होगी लेकिन कश्फ तो निरा

तबल्ची और पुर ख़तर है कश्फ़े कसबी को थानवी ने रेंडी (कस्बी) पर इस्तिदलाल किया।
(हवाला:अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देबंद)जि03,कि014,मल0767 स0448)
(10) बकौल थानवी : "थानवी के भाई अकबर अली ने ट्रेन के सेकंड किलास में रेंडी के हमराह सफ़र क्या रेंडी अपने साथ खाना लाई थी वह अकबर अली ने खाया।
(हवाला:अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देबंद)हि03कि018,मल0597 स093)
(11) नये आने वालों के साथ थानवी जी जल्द तवज्जो नहीं करते थे इस की वजह बयान करते हुए मिसाल में थानवी ने कहा कि रेंन्डी और घिरस्तन में फ़र्क होता है रेन्डी दो चार रूपये में राज़ी हो जाएगी लेकिन घिरस्तन ज़रा मुश्किल से रज़ामंद होती है।
(हवाला:अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देबंद)जि03कि018,मल0619,स0110)

लाहौला वला कुव्वता इल्ला बिल्लाह

अकाबरीने देवबंद जिस में ख़ास कर अशरफ़ अली थानवी को तवाइफ़ों से कैसा गहरा तअल्लुक़ और उन्स था ये वही लोग समझें जो उनके पैरु कार हैं हमें सिर्फ़ उनके कारनामों को अवाम तक पहूँचा कर अदालत में मुजरिमों को खड़ा करना है इस उम्मीद से कि आप का फ़ैसला हक़ बजानिब होगा।

आप गौर करें, एक शरीफ़ुन्नफ़्स और शरीफ़ुत्तबा इन्सान ऐसी बदनाम गुंज़र गाहों से गुज़रना भी तौहीन समझता है मगर आँ जनाब तवाइफ़ के कोठे पर जाकर दुआ की दरख़्वास्त कर रहे हैं रेंडियों का पेशा किया होता है उस को सभी लोग जानते हैं ,थानवी ने उन्हें मुस्तजाबुद्दावात साबित किया और कहते हैं उन की दुआओं से क़हेत साली का मोसम जाता रहा और उस इलाक़े में कसरत से बारिश हो गई।

पीर साहिब की मर्दाना कमज़ोरी का इलाज और उनके मरदे कामिल होने के शुब्हे को तवाइफ़ों की आमद पर महमूल किया जा रहा है और मुरीद कह रहा है ये गुनाह है लेकिन तोबा से पाक साफ़ हो जायेंगे।थान्वी के भाई अकबर अली रेन्डियों के साथ सफ़र के दौरान उन तवाइफ़ों का खाना भी साफ़ कर जाते हैं और ज़ामिन अली जलाला बादी तो शराफ़त की सारी हदों से तजावुज़ कर गए

जो तबलीग़ का तरीक़ ए कार बताया यक़ीनन उनकी कमीनगी और ख़्बासत की अलामत थी।

यह वह लोग हैं जिनकी तालीमात को आम किया जा राहा है और उनकी किताबों को घरों की अलमारियों में सजाने का पैग़ाम दिया जा राहा है यहाँ तक कि उन किताबों को लड़कियों को जहेज़ में देना और पढ़ने की तलक़ीन करना कारे सवाब बताया जा रहा है। होश के नाखून पैदा करो और उन बे लगाम और ग़लीज ज़बान इस्तिमाल करने वालों से पूछो ऐ ज़ालिम! अगर तेरी किताबों को दुख़्तराने इस्लाम पढ़ेंगी तो किया असर क़बूल करेंगी? लेकिन उन्होंने अपने घर की बहू बेटियों को भी तबलीग़ का तरीक़ ए कार वही बता रखा है जो किताबों में दर्ज है।

अगर सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम तशरीफ़ ना लाते तो मिल्लत की दो शीज़ाओं का किया हाल होता किया लड़कियाँ ज़िन्दा ज़ेरे ज़मीन दफ़्न नहीं की जा रही थीं?किया औरतों के साथ वहशी जानवरों सा सुलूक रवा न था ? किया औरतें शौहरों की चिताओं पर ज़िन्दा ना जलाई जाती थीं ? किया औरतें नागिन ना कहलाती थीं ? किया लड़कियों का वजूद मन्हूस ना था? ज़रूर था ये सदक़ा और करम है ताजदारे दो आलम सल्ललल्लाहो अलैहे वसल्लम का आज वहाबी देवबंदी हज़रात के घरकी औरतें चली है तबलीग़ करने जिसके पीछे रसूल दुशमनी कार फ़रमा होती है, तबलीग़ी निसाब, फ़ज़ाइले आमाल, बहिश्ती ज़ेवर घरों में पढ़कर सादा लौह ख़्वातीन को गुमराह करती हैं और तेज़ी के साथ अक़ाइद को बिगाड़ कर वहाबियत के रंग में रंगने की कोशिश कर रही हैं लेकिन फ़ज़ाइले आक़ाइद से नाबलद हैं। जबकि अक़ीदे के बगैर ईमान नहीं। अक़ीदा अस्ल है पहले ज़हेन व फिक्र और क़ल्ब व जिगर की तत्हीर होनी चाहिये बादुहू हुब्बे रसूल की नग़मा सराई,फिर दर्स व तदरीस का अनोखा तरीक़ा आज़माना चाहिये मगर ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि जब अक़ीदा सही हो जाएगा तो देवबंदियत का माजून बेअसर हो जाएगा और वहाबियत का चोखा रंग फ़ीका पड़ जायेगा और शोब्दा बाज़ अपना

कमाल दिखाने से क़ासिर हो जायेंगे यहाँ तक कि मौदूदियत का जादूई चराग़ बुझकर मुहब्बते रसूल की शमा जल उठेगी फिर सहीहुल अक़ीदा आला हज़रत की ज़बान में पुकार उठेंगे।

गैज़ मे जलजायें बेदीनो के दिल।
या रसूलल्लाह की कसरत कीजिए

तबर्रुकात

(1) जुब्बा शरीफ़ और मूए मुबारका सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम कि ज़ियारत और बुज़ुरगाने दीन के तबर्रुकात की ज़ियारत के मुतअल्लिक़ थानवी की ख़ब्तुल हवासी मुलाहिज़ा फ़रमाइये कि: "अव्वल तो उन तबर्रुकात की कोई सनद नहीं और अगर सनद हो जब भी जमा होने में बहुत ख़राबियाँ हैं।

(हवाला: बहिश्ती ज़ेवर जिल्द 6 स0, 387)

(2) थानवी कहते हैं कि बुज़ुर्गों के तबर्रुकात के साथ शग़फ़ नहीं मसलन कुर्ता वग़ैरा ये ख़्याल होता है कि इसमें किया रखा है।

(हवाला:1 कमालाते अशरफ़िया(1995ई0) बाब1,मल01004,स0251)
(हवाला:2 हसनुल अज़ीज जि01,हि04,कि019,मल0634,स0147)

(3) थानवी का कहना है कि लोगों ने आज कल तबर्रुकात के मुतअल्लिक़ एतेक़ाद व अमल में जो गुलू कर रखा है उसको मैं नाजाइज़ समझता हूँ।

(हवाला अशरफ़ुस्सवानेह जिल्द,2 स0, 302)

(4) मोल्वी इसमाईल देहलवी अपने पीर सय्यद अहमद राय बरेलवी की जूतियाँ ताज़ीम के लिए अपने साथ रखते थे।

(हवाला: अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देवबंद)जि01,कि01,मल0164,स0103)

(5) मोल्वी इसमाईल देहलवी अपने पीर के घोड़े का अदब इस तरह करते थे कि लखनऊ से देहली तक घोड़े की लगाम थाम कर पैदल चले आये और घोड़े पर सवारी ना की।

(हवाला:1 हिकायातुल औलिया हिकायत,77 स0,117)
(हवाला:2 अरवाहे सलासा हिकायत,77 स0,98)

(6) बक़ौल मोल्वी रशीद अहमद गंगोही जब मैं इबतिदा अन ख़ानिक़ाहे गंगोह में आया तो ख़ानिक़ाह में बोल व बाराज़ (पाख़ाना पेशाब) ना करता था बल्कि बाहर जंगल जाता था (ख़ानिक़ाह के आदाब को मल्हूज़ रखते हुए)

(हवाला:1 हिकायातुल औलिया हिकायत,304 स0,306)
(हवाला:2 अरवाहेसलासा हिकायत,304 स0,388)
(7) गंगोही ने अपने पीर का कुर्ता आँखों से लगाया और सर पर रखा फिर हाज़ेरीन के सरों पर यके बाद दीगरे रखा, कहा पीर का तबर्रुक है।
(हवाला:तजकिरतुल रशीद जिल्द,2 स0,167)
(8) तीन साल तक मर्ज़े इरहाल(दस्त) की मरीजा यानी तबलीगी जामाअत के बानी मोल्वी इल्यास की नानी उनके पाखाना और निजासत से आलूदा कपड़ों में बदबू की जगा खुश्बू और निराली महक थी कि एक दूसरे को सुँघाता था, हर मर्द व औरत तअज्जुब करता था चुनाँचे बग़ैर धुल्वाये उन को तबर्रुक बनाकर रख लिया गया।
(हवाला:1 तज़किरतुल ख़लील (मेरठ)स0,50)
(हवाला:2 तज़किरतुल ख़लील (सहारनपुर)स0,79 बारे अव्वल,1395हि0)
(हवाला:3 तज़किरतुल ख़लील (सहारनपुर)स0,96 बारे दोम,1411हि0)
(9) मोल्वी अहमद हुसैन अमरोही के यहाँ थानवी महमान बनकर गए रात में थानवी को बड़े इस्तिंजा की हाजत हुई। जनाना मकान के बैतुल ख़ला में मोल्वी अहमद हुसैन ने इस्तिंजा के ढेले और पानी रख दिया थानवी ने कहा ये तो आबे ज़म ज़म है अब इस्तिंजा काहे से करूँ। (हवाला:1 कमालाते अशरफिया (1995)बाब,2 मल0, 96स0,342)
(हवाला:2 हसनुल अज़ीज जि02,हि02, किस्त16,मल0,709 स0,84)
(10) बैतुल खला में मोल्वी अहमद हुसैन अमरोही के हाथों से रखे हुए इस्तिंजा के ढेले के लिए थानवी नें कहा कि यह ढेले तो तबर्रुक हो गए अब इस्तिंजा काहे से क्या जावे।
(हवाला: अशरफुस्सुवानेह जि01,स0157)
(11) थानवी कहते हैं कि तबर्रुकात में असर के मुतअल्लिक मुझे शुबा था लेकिन केराना के एक बुजुर्ग नें मुझको एक चोगा भेजा जिसको रात को तबर्रुकन पहना था जबतक चोगा बदन पर होता गुनाह का वस्वसा ना आता था।
(हवाला:1 हसनुल अजीज जि04,हि01, क़िस्त10, स0203)
(हवाला:2 हसनुल अजीज जि03, हि01, क़िस्त12,स062)
(12) थानवी को उन के मुरीद हाजी अब्दुल रशीद ने एक चोगा

भेजा बकौल थानवी जबतक उसे पहने रहता गुनाह का वस्वसा तक भी नहीं आता कई मर्तबा आजमाया है ऐसे मुरीद कि वजह से निजात हो गई। (हवाला:1 हसनुल अजीज़ जि0,1 हि0,2 कि0,17 मल0,185)

(13) बुजुर्ग का जहाँ हाथ लगाहो वही तबर्रुक है थानवी का फिर कहना अजी खाना खुद तबर्रुक है ना मिलता हो उसको पूछो कैसा तबर्रुक है।

(हवाला:1 हसनुल अज़ीज़ जि0,1 हिस्सा,2 कि0,17 मल0,317 स0,291)

(14) अपनी चीज़ को तबर्रुकन देना हराम है।

(हवाला:1 अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देवबंद) जि0,4कि0,23 मल0,242स0271)

(15) थानवी अपने पुराने कुरते क़ता करवाकर छोटे बच्चों के लिए चंद छोटे छोटे कुरते बतौरे तबर्रुक देने के लिए रखते थे ताकि तबर्रुक की दरख्वास्त परं फ़ौरन निकाल कर दिया जा सके।

(हवाला:1 अशरफुस्सवानेह जि0,2स0303)

(16) थानवी जी अपने जूते को बतौरे तबर्रुक देते वक़्त जूते को धोकर और पाक व साफ़ करके देते थे।

(हवाला: अशरफुस्सवानेह जि0,3 स0,8)

(17) थानवी ने एक शख़्स को अपना इस्तिमाल करदा कुरता ये कह कर दिया कि बतौर यादगार मुहब्बत अपने पास रखिये इसपर थानवी से कहा गया कि वोह तो इस को तबर्रुक समझेंगे जवाब में कहा कि वह जो कुछ चाहें समझें।

(हवाला: अलइफ़ाज़ातुल योमिया(देवबंद) जि0,4कि0,23 मल0,242स0271)

(18) एक शख़्स ने थानवी से बतौरे तबर्रुक कुरता मंगवाया, थानवी ने उस को खत लिखकर कहा कि दो आना का टिकिट में वहाँ पहुंच सकता हे अगर मंगवाना हो दो आना के टिकिट भेज दो चुनाँचे उस शख़्स ने थानवी को टिकिट भेज दिये. इस ज़िम्न में एक शख़्स को हाज़िरीन में से कहा कि अच्छा तरीका तो ये है कि खुद कोई चीज़ लाकर दे दे. दो चार रोज़ इस्तेमाल करा के बतौरे तबर्रुकलेले (हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि01,हि03,कि018,मल0497,स0148)

(19)एक शख़्स ने अपनी तसबीह बनियते तबर्रुक थानवी को पढ़ने के लिये दी थानवी ने कहा कि ये अच्छी तदबीर है तबर्रुक बनाने कि।

(हवाला: अलइफाज़ातुल योमिया(देवबंद)जि0,1 कि0,1 मल0,161 स0,99)

(20) थानवी की मौजूदगी में लोगों ने हाजी इमदादुल्लाह की

चादर को बतौरे तबर्रुक चूमा और आँखों से लगाया थानवी ने कहा कि मना करने को दिल गवारा नहीं करता कि मेरे पीर का मल्बूस है किस दिल से कुछ कहूँ।

(हवाला:1 हसनुल अजीज जि0,2 हि0,1 मल0,48 स0,192)

(21) थानवी कहते हैं कि मेरे सामने हज़रत गंगोही का दिया हुवा अमामा एक शख्स ने हाजी इमदादुल्लाह की खिदमत में पेश किया तो हज़रत हाजी साहिब ने उसको आँखों से लगाया, सर पर रखा और फ़रमाया कि मौलाना का तबर्रुक है।

(हवाला: अलकलामुल हसन मल0,190 स0,90)

(22) मोल्वी अबुन्नसर के लिए गंगोही का पाखाना संदल और पेशाब गुलाब था।

(हवाला:1 तज़किरतुल रशीद जि0,1 स0,209)

(23) तबर्रुक के मुतअल्लिक़ थानवी कहते हैं कि कोई कहाँ तक तक़सीम करे उम्दा तरकीब ये है कि जो चीज़ तबर्रुकन लेनी हो वह लाकर देदे और फिर बादे इस्तिमाल लेले।

(हवाला:1 हसनुल अजीज़ जि0,4 हि0,1कि0 10, स0,203)

(24) थानवी का कहना है कि अगर हाथ चूमना बरकत के लिए है तो कोठरी में बंद करके सारा बदन थूक वग़ैरा चाटो ताकि खूब बरकत हासिल हो।

(हवाला:1 हसनुल अजीज़ जि03,हि01,कि012,स0,62)

(25) रशीद अहमद गंगो ही ने एक मर्तबा मोल्वी इसमाईल को मदीना तय्यबा की मिट्टी खाने के लिए दी मोल्वी इसमाईल ने कहा कि हज़रत मिट्टी खाना तो हराम है इस पर गंगोही ने कहा यहाँ वह मिट्टी और होगी।

(हवाला:1 तज़किरतुल रशीद जि0,2 स0,48)

(26) रशीद अहमद गंगो ही ने मोल्वी इसमाईल को मोम बत्ती का एक टुकड़ा और एक मर्तबा गिलाफ़े काबा के रेशम का एक तार दिया और कहा इस को खालो।

(हवाला:1 तज़किरतुल रशीद जि0,2 स0,49)

(27) बीमार मोल्वी अहमद अली ने गंगो ही के ख़ादिम से कहा कि गंगोही का बचा हुवा खाना मुझको देना शिफ़ा होगी।

(हवाला: हसनुल अजीज़ जि02,हि02,कि015,मल0360,स0139)

(28) दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम से थानवी मिलने आते हैं यक्के के किराए के पैसे देने के लिए थानवी ने अपने ख़ादिम नियाज़ को कहा इस पर मोहतमिम ने थानवी को कहा कि वह पैसे मुझे दे दीजिये ताकि तबरुकन मैं उन्हें अपने पास रख लूँ। चुनाँचे किराए के पैसे थानवी ने मोहतमिम को दिये मुहतमिम ने यक्के वाले को किराया अपनी जेब के पैसे से दिया और थानवी के दिये हुए पैसे को अपने पास तबरुकन रखा।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि02,हि02,कि015,मल0123,स015)

(29) मोल्वी मुज़फ्फर हुसैन काँधलवी की लुंगी बतौरे तबरुक मुरीदीन में तक़सीम की गई।

(हवाला: 1 हिकायातुल औलिया हिकायत न0,201 स0,222)
(हवाला:2 तज़किरतुल ख़लील(सहारनपुर) बारे दोम 1411हि0 स0,102)
(हवाला:3 तज़किरतुल ख़लील(सहारनपुर) बारे अव्वल 1395 हि0 स0,85)
(हवाला:4 अरवाहे सलासा हिकायत 201स0,201)

नजिस तबीअतें

न तुम सदमें हमैं देते न हम फ़रयाद यूँ करते
न खुलते राज़ सरबस्ता न यूँ रुस्वाईयाँ होतीं।

क़ारिईने किराम! पढ़लिया आपंने देवबंदी बुर्जुगों के तबरुकात और उनके इस्तेमाल का तज़किरा किसी की लुंगी तबरुक बनाकर तक़सीम हो रही है तो किसी के पाख़ाना व पेशाब को(मआज़ल्लाह) संदल व गुलाब से तशबीह दी जा रही है। यहाँ तक कि इसमाईल देहलवी अपने पीर सय्यद अहमद राये बरेल्वी की जूतियाँ अपने साथ हर वक़्त हुसूले बर्कत के लिए रखते थे। पढ़ते जाईये और हँस्ते जाईये । अब फ़ैसला आपको क़रना है कि जो लोग तबरुकात को र्शिक व बिदअत क़रार दे रहे हैं वही लोग बहुस्न व ख़ूबी बकौले खुद शिर्क व बिदअत जैसे जुर्म का इरतिकाब कर रहे हैं उनके यहाँ तबरुकात चाहे अंबिया अलैहिमुस्सलाम के हों या किसी बुजुर्ग के हों सबके सब बिदअत व नाजाइज़ उमूर में दाख़िल हैं और उनसे इस्तिफ़ादा करना गुमराही की अलामत। मगर ये लोग अपने बुजुर्गों के पाख़ाना पेशाब जैसी ग़लाज़त को तबरुक समझ रहे हैं

जैसा कि मोल्वी इल्यास की नानी का वाकेआ गुज़रा कि पाख़ाना और निजासत से भरपूर कपड़ों में बकौल उनके खुशबू और निराली महक आ रही थी और वहाबी धर्म के लोग यके बाद दीगरे सूंघ सूंघ कर मशामे जाँ को मोअत्तर कर रहे थे इस ग़लाज़त आलूद पैराहन की खुशबू से दिल व दिमाग के लिए सुकून राहत व क़रार फरहत व इंबिसात बता रहे थे। और बग़ैर धुलवाए बतौरे तबर्रुक महफ़ूज़ भी कर लेते हैं।

पाख़ाना और पेशाब वाले कपड़े से खुशबू महसूस करने वालों के गुरू मोल्वी अशरफ़ अली थानवी कहते हैं कि जुब्बा व अमामा शरीफ या मूए मुबारका सरकारे दो आ़लम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की ज़ियारत हो या दीगर तबर्रुकाते औलियाए किराम हों उन सबके तअल्लुक़ से कोई सनद नहीं और उनके जमा होने में बहुत सी ख़राबियाँ हैं इन अक़्ल के अंधों को नानी के पाख़ाना और पेशाब जैसी नजासत में ख़राबियाँ नज़र ना आईं नए नए फितनों के जन्म दाता तबर्रुकात से पैदा होने वाली ख़राबियों की निशान्दही वाज़ेह तौर पर न कर सके ताकि लोग इस गुनाह और बिदअत से महफ़ूज़ रहते।

ज़हेर अफ़शानी, इफतिराक़ व इन्तेशार के अलावा और किया कहा जा सकता है उन तबर्रुकात की अज़मत व तक़दीस और उनसे इआनत का चिराग़ फूँक मारने से क़तअन नहीं बुझ सकता। बिदअत की हक़ीक़त व माहियत समझे बग़ैर हर बिदअत को बिदअते सय्या से ताबीर करना इन्तेहाई दरजे की जिहालत है। तबर्रुकात तक़सीम करना खुद शारऐ इस्लाम अलैहिस्सलाम की पाकीज़ा सुन्नत है जुमला आसार व तबर्रुकात में से आप के मूए मुबारक शरीफ को बड़ी फज़ीलत और अहमियत हासिल है। शायद अर्ज़े गीती का कोई इलाक़ा कोई ख़ित्ता ऐसा हो जहाँ मुसलमानों की आबादी हो और मूए मुबारक न हो, अहले ईमान के कुलूब में इस की बड़ी अज़मत है। जो यक़ीनन आका सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की मुहब्बत की

शनाख़्त और दलील है।

हज़रते अनस रज़ियल्लाहो तआला अन्हु रिवायत करते हैं कि नबी ए अकरम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने हज्जाम को बुलाकर सरे मुबारका के दाहनी जानिब बाल उतार ने का हुक्म दिया फिर हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहो तआला अन्हु को बुलाकर वह सब बाल शरीफ़ उनको अता फरमा दिये उसके बाद बायें तरफ़ के बालों को मूंडने का हुक्म दिया हज्जाम ने बाल शरीफ़ उतारे पस वह हज़रत रज़ियल्लाहो तआला अन्हु अबू तल्हा को दे दिये और फ़रमाया ये लोगों में तक़सीम कर दो। अब आप ही बताईये कि हुज़ूरे अकरम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का भेजा हुवा तबर्रुक दुनिया का कौनसा मुसलमान है जो सीने से ना लगाएगा यही वजह है कि आशिक़ाने मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने इस अज़ीम तबर्रुक को हिरज़े जाँ बनाकर रखा और इमामे ईश्क़ व मुहब्बत सय्यदुना आला हज़रत रहमतुल्लाह अलैह फ़रमाते हैं ।

जो सर पे रखने को मिलजाए नाले पाके हुज़ूर
तो फिर कहेंगे कि हाँ ताजदार हम भी हैं।

ईमान में मज़ीद पुख़्तगी के लिए एक हदीस और पढ़िए हज़रत अस्मा बिन्ते अबू बकर रज़ियल्लाहो तआला अन्हुमा से मरवी है उन्हों ने (हज़रते अस्मा ने) एक ऊनी जुब्बा केसर वानी साख़्त का निकाला जिसकी पलेट रेश्मी थी और दोनों चाकों पर रेशम का काम था। अर्ज़ किया ये रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का जुब्बा है जो हज़रते आयेशा सिद्दीक़ा रज़ियल्लाहो तआला अन्हा के पास था उनके इन्तेक़ाल के बाद मैंने लिया सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम इसे ज़ेब तन फ़रमाते थे। हम इसे धो धो कर बीमारों को पिलाती हैं और इससे शिफ़ा तलब करती हैं मुंकिरीने आसारे मुबारका बतायें हज़रते अस्मा रज़ियल्लाहो तआला अन्हा के इस फ़ेले मुबारक पर उनका किया फ़त्वा है जबकि हदीसे मज़कूर बुज़ुर्गों के तबर्रुकात से हुसूले बरकात की बय्यिन दलील है। रहमते आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का मलबूसे मुबारक धोकर मरीज़ों को पिलाना और उसके तवस्सुल से शिफ़ा तलब करना उन पाक बाज़

ख़्वातीन का तरीक़ए कार था जिनके लैल व नहार शब व रोज का लम्हा लम्हा वही ए इलाही की छाओं में गुज़रते थे। इसी हदीसे पाक की शरह में इमाम नोदी अलैहिर्रहमा फरमाते है।

دليل على استحباب التبرك باثار الصالحين و ثيابهم

(शरेह मुस्लिम लिन्नवी जि02,स0191,बहवाला माहनामा अशरफिया जून 1976 स0.17)

इस हदीस में सालेहीन के आसार और उनके मलबूसात पे हुसूले बर्कत के मुस्तहब होने का सुबूत है।

इश्क़े रसूल की वादियों में जीवन बिताने वाले हज़रते ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहो तआला अन्हु की दास्ताने इश्क़ पढ़िए :

हज़रते ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहो अन्हो की तलवारों में से एक तलवार थे। मैदाने जंग में हमेशा अपनी टोपी सरपर रखते थे एक मर्तबा जंगे यरमूक में घमसान की जंग हो रही थी नेज़ों की बौछार थी आपकी टोपी गुम हो गई लड़ाई छोड़कर उसकी तलाश में दीवाना वार मुनहमिक हो जाते हैं लोगों ने देखा कि तीर बरस रहै हैं तलवारें और नेज़े अपना अपना काम कर रहे हैं मौत सामने खड़ी है मगर जनाब ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहो तआला अन्हु टोपी की तलाश में सरगरदाँ और परेशान हैं आख़िर कार टोपी मिल जाती है तो खुशियों से बाछें खिल जाती हैं और फ़खरिया अंदाज़ में फ़रमाते हैं कि भाईयो! मुझे ये टोपी क्यों इतनी अज़ीज़ है जानलो कि मैंने आज तक जितनी जंगें जीती हैं इसी टोपी के तुफ़ैल में, सब इसकी बरकतें हैं क्योंकि मैंने इस टोपी में रहमते दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के बाले मुबारक सी रखे हैं।

हज़रात! ग़ौर कीजिए हज़रत ख़ालिद वह सिहाबी हैं जिनकी पूरी ज़िंदगी मैदाने जंग में कुफ़्फार व मुशरिकीन से लड़ते हुए गुज़री है अगर तबर्रुकात की सनद ना होती और उससे फ़वाईद हासिल करना बिदअत होता तो आप हरगिज़ ऐसा न करते। सावन के अंधों से मेरा सवाल है कि हज़रत ख़ालिद बिन वलीद और दीगर सिहाबए किराम रज़ियल्लाहो तआला अन्हुम के तअल्लुक़ से किया राये क़ायम करते हैं मेरे सरकार आला हजरत रहमतुल्लाह अलैह

फ़रमाते हैं। सुन्नियो उन से मदद माँगे जाओ
पड़े बकते रहें बकने वाले।

मज़ारात पर हाज़री

(1) अंबिया व औलिया के मज़ारात का क़स्द करके जाने के तअल्लुक़ से मोल्वी इसमाईल देहलवी ने अपनी खुबासत का इज़हार इस तरह किया है।

"फिर जो कोई किसी पीर व पैगम्बर या भूत परी को या किसी सच्ची या झूटी क़ब्र या किसी थान या किसी जगह या किसी मकान या तबर्रुक या निशान या ऐसे मकानों का दूर से क़स्द करके जाए तो उसपर शिर्क साबित होता है"
(हवाला:1 तक़वियतुल ईमान (दारुस्सलफिया मुंबई) स0,24)
(हवाला:2 तक़वियतुल ईमान (कुतुब ख़ाना मसऊदिया देहली) स0,21)

(2) सवाल: मेला हुनूद व उर्स मुसलमान में जैसा हरीद्वार और पीराने कल्यर व अजमेर वासते सौदागरी या ख़रीदने किसी शए ज़रूरत के ख़ास व आम को जाना कैसा है ?

जवाब: मेलों में हुनूद व मुस्लमानों के जाना तिजारत के वास्ते भी हराम है।"

(हवाला: फतावा रशीदया (जदीद) स0,556)

(3) बक़ौल रशीद अहमद गंगोही:

" क़ुबूरे बुज़ुर्गान की ज़ियारत को सफ़र करके जाना मुख़्तलिफ फ़ीह है बाज़ उलमा दुरुस्त लिखते हैं और बाज़ मना करते हैं ये मसला मुख़्तलिफ़ है इसमें नज़ा व तकरार नहीं चाहिए मगर हाँ उर्स के दिन ज़ियारत को जाना हराम है।

(हवाला: फतावा रशीदया (जदीद) स0,555)

(4) मोल्वी रशीद अहमद गंगोही से एक दिन एक शख़्स ने ज़ियारते क़ुबूर के लिए हुक्म दरयाफ़्त किया कि जाइज़ या नाजाइज़ गंगोही ने कहा कि इस में उलमा का इख़्तिलाफ़ है बंदा फ़ैसला नहीं कर सकता।

(हवाला: तज़किरतुल रशीद जि02,स0,286)

(5) देवबंद में मोल्वी कासिम नानोतवी की क़ब्र के मुतअल्लिक ख्वाजा अज़ीज़ुल हसन ने कहा कि बड़ी बरकत की जगह होगी मैं वहाँ ज़रूर जाऊंगा उस पर थानवी ने कहा हाँ किया हरज है।

(हवाला: हसनुल अजीज जि04,हि02,कि011,स0110)

(6) थानवी कहते हैं कि अपने सिलसिले के बुज़ुर्गों के मज़ार पर बड़ा फैज़ होता है।

(हवाला: हसनुल अजीज़ जि04,हि01,कि010,स0,107)

(7) थानवी साहिब अजमेर जाते हैं वहाँ की कैफियत यूँ ब्यान करते हैं कि मालूम होता था कि तमाम शहेर पर अनवार बरस्ते थे।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि04,हि010,स0106)

(8) बक़ौल थानवी कभी कभी क़ब्र से फ़ैज़ हासिल करके लोग बुज़ुर्ग होगए।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि02,हि0 3,कि016,मल0591,स0,34)

(9) झुंनझाना में थानवी अपने दादा पीर मियाँ जी के और सय्यद शाह महमूद के मज़ार पर रोज़ाना हाज़री देते मियाँ जी के दाहिने पहलू पर एक पुख़्ता क़ब्र के सिरहाने रूमाल बिछाकर उस पर बैठकर थानवी मुराक़ेबा करते और कहते कि सुकून की कैफियत पैदा हो जाती है।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि0,1 हि02 कि0 17 मल0,299 स0,882)

(10) थानवी का अजमेर शरीफ़ ज़ियारत की ग़रज़ से जाना और कहना कि वहाँ तमाम शहेर में वहाँ की ज़मीन व आसमान में रौनक़ है।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि0,1 हि0 3 कि0 18 मल0,469स0,458)

(11) थानवी कहते हैं कि शाह विलायत के उर्स में हर साल सूफियों के लिए वालिद साहिब देग भेजा करते थे वालिद साहिब की वफात के एक साल बाद जब मैं यहाँ आया तो मैंने मौक़ूफ किया कि ये वाहीयात है।

(हवाला: हसनुल अज़ीज़ जि0,1 हि0 3 कि0 18 मल0, 542 स0,203)

(12) थानवी का इसतिदलाल मुलाहिज़ा हो कि उर्सों की तरफ़ रेन्डी भड़वों को ज़्यादा मैलान होता है इसलिए ज़ाहिर है कि वह

अम्र बुरा है वरना नेक लोग क्यों मुतवज्जे नहीं होते।
(हवाला: हसनुल अजीज जि0,1 हिस्सा 3 किस्त 18 मल0, 488 स0,138)

मुनाफ़िक़ते देवबंदियत

मोहतरम हजरात! मज़कूरा बाला इबारात पढ़ने के बाद आप बातिल अकाइद के लोगों की ज़हनी अय्यारी ज़रूर महसूस किये होंगे ऐहले सुन्नत व जमाअत का मज़हब ये है कि अंबिया व औलिया के मज़ारात व मक़ाबिर पर हाज़री के लिए सफ़र करना और इकतिसाबे फ़ैज़ के लिए हाज़िर होना जाइज़ व मुस्तहसन है सहाब ए किराम के ज़माने से लेकर आजतक तमाम मुसलमानों का इस पर अमल रहा है।

अहादीस और बुज़र्गों की किताबों से साबित है हदीस शरीफ़ में है कि हज़रते कअब हज़रते आइशा रज़ियल्लाहो अन्हो के यहाँ हाज़िर हुए तो हुजूर सल्लललाहो अलैहे वसल्लम का ज़िक्र हुवा आपंने कहा कि सरकारे दो आलम सल्लललाहो अलैहे वसल्लम की क़बरे अनवर पर 70 हज़ार फरिश्ते सुबहो शाम हाज़िर होकर रौज़ ए अनवर का तवाफ़ करते हैं अब आप बताईये अगर ज़ियारत के लिए सफ़र करना बिद्अत और हराम होता तो अल्लाह के नूरानी मासूम फ़रिश्ते करोड़ों मील का सफर तै करके क्यों हाज़िर होते देवबंदी वहाबी हज़रात के नज़दीक महबूबाने बारगाहे इलाही के मज़ारात पर हाज़री देना शिर्क है जैसा कि रुस्वाए ज़माना किताब तक़वीयतुल ईमान में मोल्वी इंसमाईल देहलवी ने लिखा है किसी क़ब्र पर दूर दूर से सफ़र की रंज व तकलीफ़ उठा कर पहुँचना और उसके गिर्द व पेश के जंगल का अदब करना और उनसे कुछ दीन व दुनिया के फ़ायेदे की उम्मीद रखना शिर्क है।एक ही सिक्के के दो पैहलू।

एक तरफ़ शिर्क बताया जा रहा है मगर दूसरी जानिब उसी शिर्क को बड़ी खूबसूरती के सा थ अपनाया जा रहा है जबकि मुंदरजा

बाला इबारतों से ज़ाहिर हुवा कि हाज़री के साथ साथ उसके फ़वाइद से भी आगाह किया जा रहा है अशरफ़ अली थानवी कहते हैं कि कभी कभी क़ब्र से फ़ैज़ हासिल करके लोग बुज़ुर्ग हो गए हैं. कासिम नानोतवी की क़ब्र को ख़्वाजा अज़ीज़ुल हसन बड़ी बरकत की जगह कह रहे हैं और दूसरी तरफ़ थानवी जी आइने में अपनी शक्ल देख कर कह देते हैं कि वहाँ भड़वों और तवाइफ़ों का ज़्यादा मैलान होता है अलअमान वलहफ़ीज़ उलमाए देवबंद के दोनों रुख़ मुलाहिज़ा फ़रमाने के बाद फ़ैसला आप पर है कि एक जगह जो चीज़ शिर्क व हराम है वही शिर्क दूसरी जगाह जाइज़ व मुस्तहसन कैसे? दोनों रुख़ों के तअल्लुक़ से जो इबारतें मौजूद हैं उससे नतीजा यही निकलता है कि देवबंदी मज़हब तज़ाद व फ़साद का मजमुआ है हज़रत सय्यदुना अबू हुरैरा रज़ियल्लाहो अन्हो रिवायत करते हैं कि रसूले कौनैन सल्ललाहो अलैहे वसल्लम अपनी वालिदा माजिदा सय्यदा आमिना रज़ियल्लाहो अन्हा की क़ब्र पर तशरीफ़ ले गए और वहाँ जाकर ख़ुद भी रोए और साथियों को भी रुलाया हज़रत मोहम्मद बिन नोमान रज़ियल्लाहो अन्हो रिवायत करते हैं कि रसूले अकरम सल्ललालोहो अलैहे वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि जो शख़्स जुमा के रोज़ अपने वालिदैन की या उनमे से किसी एक की क़ब्र की ज़ियारत करे तो उसकी मग़फ़िरत करदी जाती है और उस शख़्स का नाम नेको कारों की फ़ेहरिस्त में शामिल कर लिया जाता है । (मिशकात शरीफ़ बाबे ज़ियारतुल क़ुबूर)

सरवरे दो जहाँ राहते इन्स व जाँ सल्लल्लोहो अलैहे वसल्लम इरशाद फ़रमाते हैं जो शख़्स मेरी ज़ियारत को आए और ज़ियारत के अेलावा उसकी दूसरी नियत न हो तो मुझ पर हक़ हो गया कि उसकी शफ़ाअत करूँ ज़ियारते क़ुबूर को जाइज़ बताने वालों को बिदअती मुशरिक रज़ाख़ानी क़ब्र परस्त कहने वाले बग़ौर मुताला करें मेरे सरकार सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ऐसे शख़्स को

शफ़ाअत की ज़मानत दे रहे हैं और बादे वफ़ात ज़िंदगी का सुबूत भी हज़रत इमाम शाफ़ई रहमतुल्लाह अलैह ने इमामे आज़म अबू हनीफ़ा रज़ियल्लाहो अन्हो की क़ब्र पर हाज़री दी है बड़े बड़े बुज़ुर्गों ने औलियाए किराम के अेरास के मौक़ों पर हाज़िर होकर रूहानी फ़ुयूज़ व बरकात हासिल किए हैं

हसनुल अज़ीज़, फ़तावा रशीदिया की इबारतों से वाज़ेह होता है कि उन लोगों के कुलूब मुहब्बत व ईमान से यक्सर ख़ाली थे वरना ऐसा न कहते और ना मुत्तबिईन को हुक्म देते। बुज़ुर्गाने दीन का उर्स मनाना तमाम उम्मत का मामूल रहा है और सालिहीन का तरीक़ए कार रहा है और यही हक़ और मुस्तहसन है इस के खिलाफ कहने और लिखने वाले सबके सब गुमराह, बद्दीन, मुर्तद हैं खुवाह अकाबिर हों या असागिर। बरेली के ताजदार सरकार आला हज़रत रहमतुल्ला अलैह फरमाते हैं

जो तेरे दर से यार फिरते हैं।
दर बदर यूँ ही ख़्वार फिरते हैं

कव्वा खाने का जवाज़

(1) जिस जगह ज़ागे मारुफा को अकसर हराम जानते हों और खाने को बुरा जानते हों तो ऐसी जगह उस कव्वा के खाने वाले को सवाब होगा। (हवाला1:फतावा रशीदिया (मुबव्वब)1987ई0स0597)
(हवाला2:फतावां रशीदिया (क़दीम)1363हि0 जि02,स0130)

(2) गंगोही की महफिल में एक शख़्स ने कहा की कव्वे गल्ले को बहुत नुक़सान पहुँचाते हैं इसपर गंगोही नें कहा की हाँ खाना शुरु कर दो तो कम हों।
(हवाला: तज़किरतुल रशीद जि02,स0177)

(3) गंगोही से पूछा गया की यह देसी कव्वा उमूमन बस्तियों में पाया जाता है वह हलाल है या हराम जवाब में गंगोही नें यह कहा की यह कव्वा जो इन बस्तियों में पाया जाता है इसके हलाल होनें में शुबा नहीं बल्कि अगर तहक़ीक़ ना भी होतो भी इसकी हिल्लत में शुबा नही (हवाला:तज़किरतुल रशीद जि01,स0178)

(4) जिस जमानें में कव्वा खाने के मसाले का शोर व गुल था, थानवी से एक शख़्स नें पूछा कि क्या कव्वा खाना जाइज़ है, थानवी ने साइल से पूछा कि क्या खाओगें? उसने कहा कि नहीं तो, कहा कि जब खाओगे नहीं तो पूछते क्यों हो न तुम को पूछना फर्ज है और न मुझको बताना फर्ज़ है।

(हवाला1: अलइफाजातुल योमिया (देवबन्द) जि01,कि03,मल0673,स0337)
(हवाला2: आदाबे इफता व इस्तिफता स052)

(5) थानवी से एक शख़्स नें पूछा कि कव्वे की कै किस्में हैं?थानवी ने कहा कि मुझको मालूम नहीं अगर आप फरमायें तो आदमी की किस्में ब्यान करुँ और यह भी अर्ज करदूँ कि आप कौनसी किस्म में दाखिल हैं।

(हवाला:मजीदुलमजीद मल010,स06)

(6) कव्वे की हिल्लत के फ़तवे में गंगोही ने बहुत बड़े अज्र की उम्मीद की जिसका अंदाज़ा आप खुद लगाइये हक़गोई में आप किसी मलामत का अंदेशा नहीं फ़रमाते थे बल्कि अगर हक़ गोई पर लोग आपको बुरा कहते थे तो उस पर निहायत फरहत व सुरूर होता था आपने देसी कव्वे की हिल्लत का फ़तवा दिया उस पर जोहला में शोर व ग़ोग़ो उठा है तो आपने फ़रमाया कि मुझको किया ख़बर थी कि इस में हक़ तआला ने इस क़दर अज्र रखा था।

(हवाला:तज़किरतुल रशीद जिल्द 2,स0,64)

उम्र भर शौक़ से खाते रहे काला कव्वा
हमने मुर्ग़ा जो खिलाया तो बुरा मान गए

नऊज़ू बिल्लाहे मिनज़ालिक : ये धरम है तौहीद के अलमबरदारों और पुजारियों का जिनके यहाँ हराम चीज़ भी हलाल है और हलाल चीज़ हराम है मोहर्रम की सबीलें और मोहर्रम का खिचड़ा नाजाइज़, शबे बरात का हल्वा ना जाइज़, फ़ातिहा जिस खाने पर पढ़ दिया जाए वह खाना हराम,महाफ़िले मीलाद के तबर्रुकात, शीरीनी सब हराम व नाजाइज़ है। कहते हैं दिल सियाह होजा ता है मगर कव्वा खाने से बक़ौले अकाबिरे देवबंद दिल रोशन और मुनव्वर हो जाता है इस के अेलावा बड़ा अज्र व सवाब बताकर खाने पर आमादा किया

जा रहा है लगता है कि कव्वों ने किसी जमाने में उन बुजुर्गों के साथ कोई बड़ा भोंडा मजाक किया था जिस जुर्म की पादाश में सज़ा देने की तजवीज़ पेश की गई अभी तक देसी घी और देसी मुर्ग के खाने की लज़्ज़तों से आशना थे अब देसी कव्वों पर हमला कर दिया जो ग़ल्ले को नुक़सान पहुँचाते हैं।

अरे नादान! कव्वा ख़्वाह देसी है या बिदेसी उसका खाना कैसे जाइज़ हो जाएगा ? किया फुक़हाये मिल्लत और अइम्म ए मुजतहेदीन ने कोई सूरत बताई है मसले की तौज़ीह के लिए हवाले के साथ मुफ़स्सल बयान करना चाहिए ताकि लोग समझते कि उसके जवाज़ में फुक़हा का क़ौल है, या बस जो चीजें नुक़सान का सबब बनें उनकी हिल्लत का फ़तवा दे दिया जाए अगर ऐसा ही है तो कुत्ते किया कम नुक़सान पहुँचा ते हैं जिसको काट लेते हैं उसे बड़े बड़े हकीमों और डॉक्टरों की दहलीज़ पर हाज़िरी देनी पड़ती है बसा औक़ात कुत्ते का काटा हुआ आदमी हलाक भी हो जाता है परिंदों में उक़ाब गिध वगैरा जो मुर्दार खाते हैं जिनका निशाना बहुत कम ख़ता करता है अपने शिकार के हुसूल पर इस क़दर हरीस होते हैं कि अगर शिकार से बाज़ रखने की कोशिश कीजिये तो आँखें जा़ए कर देते हैं ऐसे बहुत से दरिंदे और जानवर मिलेंगे जिनसे शदीद नुक़सानात होते हैं मसनदे इफ़ता को ग़लत इस्तिमाल करने वाले कव्वा ख़ोर मोल्वी रशीद अहमद गंगोही जिनके फतवे से बुग़्ज़ व इनाद, दग़ा, व फ़रेब, मक्र व जालसाज़ी की बू आती है खुद कितने कव्वों को लुक़म ए तर बनाए होंगे आँ जनाब ने विटामिन का कौनसा माद्दा महसूस क्या जिसके खाए बग़ैर चार ए कार ना था मगर खुदा जब दीन लेता है तो अक़्लें छीन लेता है।

इस्लामी उसूलों और शरीअते मुस्तफ़ा को पामाल करने वाले खुद साख़्ता मुफ़तियाने देवबंद ने अपनी किताबों में जिस तरह मसाइले शरीआ की धज्जियाँ फ़िज़ाए बसीत में बिखेरी हैं उसे पढ़कर एक

आम से आम मुसलमान भी बरदाश्त नहीं कर सकता है मगर उनके पैरु कार आज भी बहती गंगा में गुस्ल कर रहे हैं उनके सामने अगरचे हवालों और दलाइल के अंबार लगा दीजिये मगर उनके सरो पर जूँ तक नहीं रेंगती है सच फरमाया है ताजदारे बरेली ने।

तेरी दोजख़ से तो कुछ छीना नहीं
खुल्द में पहूँचा रजा फिर तुझको किया

शिर्क फ़िल असमा

अब्दुल नबी, पीर बख़्श वग़ैरा नाम रखना

(1) मोल्वी इस्माईल देहलवी शिर्क की मुख़तलिफ़ शकलों के ज़िम्न में रक़म तराज़ हैं कि कोई अपने बेटे का नाम अब्दुल नबी रखता है कोई अली बख़्श, कोई मदार बख़्श, कोई सालार बख़्श, कोई गुलाम मुहिय्युद्दीन (ऐसा नाम रखना शिर्क है)

(हवाला1: तक़वियतुल ईमान (दारुस्सलफ़िया मुंम्बई) स0, 16)
(हवाला2: तक़वियतुल ईमान (कुतुब ख़ाना मसऊदिया देहली) स0,10)

(2) मोल्वी रशीद अहमद गंगोही ने फ़तवा दिया के नबी बख़्श, पीर बख़्श, सालार बख़्श,मदार बख़्श नाम रखना मूहिमे शिर्क हैं मना है उनको बदलना चाहिये।

(हवाला:1 फतावा रशीदया (मुबव्वब) 1987 ई0 स0,69)
(हवाला:2 फ़तावा रशीदया (क़दीम) 1363 हि0 स0,59)

(3) रशीद अहमद गंगोही के दादा का नाम पीर बख़्श था।

(हवाला:1 तज़किरतुल रशीद जिल्द 1,स013,15,17)
(हवाला:2 सवानेह क़ास्मी जिल्द 1,स0,69)

(4) रशीद अहमद गंगोही के नाना का नाम फ़रीद बख़श था।

(हवाला: तज़किरतुल रशीद जिल्द 1 स0,13)

(5) मोल्वी अशरफ़ अली थानवी ने अपनी किताब बहिश्ती ज़ेवर में कुफ्र व शिर्क के उन्वान के तहेत , अली बख़्श, हुसैन बख़्श, अब्दुल नबी वग़ैरा नाम रखना शिर्क में शुमार किया है।

(हवाला:1 बहिश्ती ज़ेवर(रब्बानी बुक डिपो देहली) हि01,स035)

(6) रशीद अहमद गंगोही के उस्ताद का नाम मोल्वी मोहम्मद बख़्श था।

(हवाल: तज़किरतुल रशीद जि02,स0278)

(7) मोल्वी क़ासिम नानोतवी के दादा के वालिद का नाम मोहम्मद बख़्श था। मोल्वी क़ासिम नानोतवी का शजरऐ नसब इस तरह है मोहम्मद क़ासिम बिन असद अली बिन गुलाम शाह बिन मोंहम्मद बख़्श।

(हवाल:सवानेह कास्मी जि01,स0113,115,179)

(8) मोल्वी क़ासिम नानोतवी के पर दादा शेख़ मोहम्मद बख़्श के भाई का नाम ख़्वाजा बख़्श था।

(हवाल:सवानेह कास्मी जि01,स0179)

(9) मोल्वी अशरफ अली थानवी, रशीद अहमद गंगोही, मोल्वी क़ासिम नानोतवी के पीर व मुर्शिद हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिरे मक्की के उस्ताद का नाम कलन्दर बख़्श था।

(हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि03,हि01,कि012,स0199)

(10) मोल्वी ख़लील अहमद सहारनपुरी के बचपन के पीर और तबलीग़ी जमाअत के बानी मोल्वी इल्यास काँधलवी की नानी के वालिद मोल्वी मुजफ्फर हुसैन काँधलवी के वालिद का नाम मोल्वी महमूद बख़्श था।

(हवाला1:हिकायाते औलिया हिकायत191,स0215)
(हवाला2:अरवाहे सलासा हिकायत,91)
(हवाला3:तजकिरतुल ख़लील (सहारनपुर)बारे दूम 1411हि0,स097)
(हवाला4:तजकिरतुल ख़लील (सहारनपुर)बारे अव्वल1395हि0,स079)
(हवाला5:तजकिरतुल ख़लील (मेरठ) स051)

अलक़ाबे क़िब्ला व काबा का इस्तेमाल

(1) बक़ौल मोल्वी रशीद अहमद गंगोही ख़त में किसी को अलक़ाब क़िब्ला व काबा लिखना दुरुस्त नहीं

(हवाला1: फतावा रशीदया (1987ई0)स0567)
(हवाला2: फतावा रशीदया (1363हि0)स0116जि03)

(2) फतावा रशीदया में मोल्वी रशीद अहमद गंगोही नें फतवा

दिया कि किबला व काबा वगैरा अलफाज व अलकाब किसी की निसबत लिखनें और कहने मकरूह तहरीमी हैं बल्कि जब ज्यादा हदे शाने नबवी से कलिमात आप के वास्ते ममनू हुए तो किसी दूसरे के वास्ते क्योंकर दुरुस्त हो सकते हैं।

(हवाला1: फतावा रशीदया (1987ई0)स0566)
(हवाला2: फतावा रशीदया (1363हि0)स0114,हि02)

(3) बक़ौल रशीद अहमद गंगोही क़िबला व काबा जैसे अलकाब लिखना ममनू है बल्कि हुजूर सल्लललाहो अलैहे वसल्लम के लिए भी ममनू है।

(हवाला: तज़किरतुल रशीद जिल्द1,स0,137)

(4) मोल्वी अशरफ अली थानवी ने हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिरे मक्की को क़िबला व काबा लिखा

(हवाला1: तज़किरतुल रशीद जिल्द1,स0,116)
(हवाला2: तज़किरतुल रशीद जिल्द1,स0,118)

(5) थानवी कहते हैं कि मौलाना फजलुर्रहमान गंज मुरादाबादी मेरे क़िबला व काबा हैं।

(हवाला:हसनुल अज़ीज़ जि03,हि03,कि14,स0121)

(6) मोल्वी अशरफ अली थानवी के लिए क़िबला का लक़ब इस्तेमाल मुतअदि्दद जगहों पर हुआ है।

(हवाला1:हसनुल अज़ीज़ जि02,हि02,कि15,मल0,35 स019)
(हवाला2:हसनुल अज़ीज़ जि02,हि02,कि15मल0,136,स021)
(हवाला3:हसनुल अज़ीज़ जि02,हि02,कि15,मल0,231स074)

(7) बक़ौल थानवी, मोल्वी महमूद हसन देवबंदी मेरे उस्ताद और किबला व काबा हैं।

(हवाला: अलइफाजातुल योमिया (देवबंद)जि02,कि010,मल0808,स0457)

(8) मोल्वी रशीद अहमद गंगोही के इंतेक़ाल पर दारूल उलूम देवबंद के शेखूलहिंद मोल्वी महमूदुल हसन देवबंदी ने एक मरसिया लिखा जिस में गंगोही को रुहानी और जिसमानी हाजात का किबला लिखा है।

हवाइज दीन व दुनिया के कहाँ ले जायें हम यारब
गया वह किबल ए हाजाते रुहानी व जिसमानी

जिधर को आप माइल थे उधर ही हक़ भी दाइर था
मेरे किबला मेरे काबा थे हक़्क़ानी से हक़्क़ानी
(हवाला: मरसिया गंगोही स07,8)

(9) मोल्वी अशरफ अली थानवी को किबला व काबा लिखा गया।
(हवाला: ख़ातिमतुस्सवानेह स0155)

(10) मोल्वी रशीद अहमद गंगोही मोल्वी क़ासिम नानोतवी और मोल्वी अशरफ अली थानवी के पीर व मुर्शिद हाजी इमदादुल्लाह को मुतअद्दिद मर्तबा किबला लक़ब के साथ हजरत हाजी साहिब किबला लिखा है।

(हवाला1:सवानेह क़ास्मी जि01,स088,एक मर्तबा)
(हवाला2:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,294,एक मर्तबा)
(हवाला3:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,295,एक मरतबा)
(हवाला4:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,297,दो मरतबा)
(हवाला5:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,298,तीन मरतबा)
(हवाला6:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,300,एक मरतबा)
(हवाला7:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,365,एक मरतबा)
(हवाला8:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,368,एक मरतबा)
(हवाला9:सवानेह क़ास्मी जि0,1,स0,447,एक मरतबा)

बिदअतों के परचम तले

(जशने सद साला दारुल उलूम देवबंद)

1981ई0 को दारुल उलूम देवबंद का जश्ने सद साला मनाया गया थां जिसमें वज़ीरेआज़म भारत मिसिज इंदरा गाँधी को शमे महफ़िल क़रार दिया गाया रेडियो, टीवी, अख़बारात वग़ैरा के ज़रिये तआवुन लिया गया और दारुल उलूम देवबंद की मीलाद ख़ुवानी के साथ नज़रियाते देवबंद और अफ़कारे वहाबियत की तशहीर की गई इंद्रा गांधी ने जश्न का इफ़तेताह किया जिन के दीदार और निस्वानी अदाओं से पूरे देवबंद का माहौल मस्हूर हो गया तालियों की सदाओं में इंद्रा गांधी ने अपनी तक़रीर से जश्ने दारुल उलूम देवबंद को मुस्तफीज़ किया और बानि ए देवबंद के नवासे और मदरसा देवबंद के बानी व मोहतमिम क़ारी मोहम्मद तय्यब साहिब ने

इज़्ज़त मआब वज़ीरे आज़मे हिन्दुस्तान कहकर खैर मकदम ही नहीं बल्कि बड़ी बड़ी हसतियों में शुमार किया ' भारत के साबिक सदरे जमहूरिया राजेंद्र प्रसाद के हवाले से देवबंद को आज़ादि ए हिंद का एक मज़बूत सुतून करार दिया इंद्रा गांधी ने दारुल उलूम देवबंद को अपनी पारटी कॉंग्रेस से मुनसलिक क़रार दिया। अफ़सोस सद अफ़सोस मर्दों के झुरमुट में नंगे सर, बरैहना बाजू एक औरत की तक़रीर जश्ने दारुल उलूम देवबंद में करवाई गई इंद्रा गांधी के अेलावा मज़कूरा जश्न में मिस्टर राज नारायण, जग जीवन राम मिस्टर बहूगुणा वगैरा ने शिरकत की और इंद्रा गांधी के बेटे संजय गांधी ने तक़रीबन पचास हज़ार अफ़राद को आला पैमाने पर तीन दिन खाना खिलाया जो पिलास्टिक के लिफ़ाफ़ों में बंद था।

इस जश्न में भारती हुकूमत के अेलावा, दीगर गैर मुस्लिम हिंदुओं ने भी दारुल उलूम देवबंद का तआवुन किया था मज़ीद बराँ कि हिंदुओं की मेज़बानी देवबंदी उलामा फख़्र से कुबूल फ़रमाते और उनके घरों को जा कर कई कई दिन ठहेर कर मेहमानी का शर्फ़ अता फ़रमाते।

जश्न में इख़राजात तक़रीबन डेढ़ करोड़ रुपये तक हुए थे जिसे भारतीय हुकूमत के तआवुन से पूरा किया गया मरकज़ी हुकूमत ने तीन लाख रुपये तज़ईन कारी में सर्फ़ किए जो गिरांट की सूरत में मुहय्या की गई थी दारुल उलूम ने साठ लाख रुपये तक जमा किए थे नई सड़कों की तामीर, बिजली की हाइ पावर लाइन गर्ज़ कि आसाइश का हर सूरत ख़्याल रखा गया तौहीद परस्ती का राग अलाप ने वाले बतायें दारुल उलूम की मीलाद ख़्वानी में जो इख़राजात हुए ये बेजा असराफ़ और फुजूल खर्ची में दाख़िल है कि नहीं ?

नबी ए करीम सल्लललाहो अलैहे वसल्लम की मीलाद में जश्ने विलादते मुस्तफ़ा में बक़ौल अकाबेरीने देवबंद तज़ईन कारी शिर्क, इख़राजात फुजूल ख़र्ची और बेजा असराफ़ के ज़ुमरे में है मगर जश्ने सद साला दारुल उलूम देवबंद के लिए जाइज़ और मुसतहसन अम्र है ये सिर्फ अपने सच्चे आका सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम से अदावत व दुश्मनी की बुनियाद पर है।

कि मोहम्मद का जब योमे मीलाद आए صلی اللہ
तो बिद अत के फ़तवे उन्हें याद आयें। علیہ وسلم

आप बताइये जश्ने सद साला दारुल उलूम देवबंद के तअल्लुक से जो मदद ली गई आपकी शरीअत में उसकी इजाज़त है ? जबकि बुजुर्गो के इस्तिमदाद और उनसे मदद चाहने को अकाबिरीने देवबंद ने बिदअत और

हराम करार दिया है।

मगर इंद्रा हुकूमत से इन ज़ालिमों ने भारी रक़म वसूल करली और पूरे का पूरा हड़प कर गए कल तक जो बुज़ुर्गों के तबर्रुकात खाने से दिल मुर्दा हो जाने की बात कर रहे थे आज वही लोग जश्ने सद साला दारुल उलूम देवबंद से वापसी पर अपने घरों के लिए तबर्रुकाते देवबंद लेकर जा रहे हैं खेलों का सामान, हॉकियाँ क्रिकिट गेंदों के अलावा सेब अंगूर गन्ने अनन्नास नारियल कपड़े जूते मोजे छतरियाँ अहलिया के लिए चूड़ियाँ बे शुमार तोहफे।

ये है किरदारे वहाबिया देवबंदिया उनके मुफ़्ती फ़तवा देते हैं कि बुज़ुर्गों के मज़ारात के तबर्रुकात मत खाना और ये हैं कि मानते नहीं और इंद्रा गांधी और दीगर ग़ैर मुस्लिम नेताओं के चरणों में होने वाले इजलास की वापसी पर क़िस्म क़िस्म के तहाइफ़ लेकर लौट रहे हैं क्या देवबंद के मुफ़तियों के फ़तवे की रू से ये बिदअत और शिर्क नहीं है ? मगर

नहीं क़ौल से फ़ेल तेरा मुताबिक़

इसी जश्न में तिलावत व तराने के बाद इस्टेज पर ग़ैर मामूली हरकात व सकनात का जब एहसास होने लगा तो मालूम हुवा कि श्री मती इंद्रा गांधी तशरीफ़ ला रही हैं तमाम अरब वुफ़ूद और दीगर मेज़बान देवबंदी उलमा दो रूया खड़े होकर आँजहानी इंद्रा गांधी का इस्तक़बाल बड़े तपाक से करने लगे और इसी जश्न की कैफ़ियत बयान करते हुए सऊदी अख़बारात में इंद्रा गांधी को सय्यदा के लक़ब से नवाज़ा गया।(मआज़अल्लाह)

क़याम व कुऊद की मजलिसों को बिदअत और हराम बताने वाले हज़रात हालते क़याम में किसका इस्तक़बाल कर रहे थे एक नारी का इंद्रा गांधी को सऊदिया के अख़बारात ने लफ़्ज़े सय्यदा लिखा किसी तौहीद परस्त ने एतराज़ नहीं किया मगर तशहहुद के बाद दुरूदे इबराहीमी अल्ला हुम्मा सल्ले अला सय्येदुना में लफ़्ज़े सय्येदुना पर एतराज़ वारिद करते हैं देवबंदी हज़रात कहते हैं कि

